भ्रष्टाचार, जो भाई भतीजावाद इस सलैक्शन कमीशन के चेयरमैन और मैम्बर्ज ने और HPSC के चेयरमैन और मैम्बर्ज ने पिछले 5 सालों में किया है वह भ्रष्टाचार का, भाई भतीजावाद का और आपाधापी का एक रिकॉर्ड है। मैं विस्तार में न जाते हुये इतनी ही चर्चा करना चाहूँगा कि पूरे पर्चे का पर्चा ही बदल देना सर्विस कमीशन जैसे कंस्टीच्यूशनल बोडी के चेयरमैन और दूसरे लोगों का काम होता था। वे अपने लोगों को यह कहते थे कि तुम पर्चे पर रोल नम्बर लिखकर बाकी पर्चा खाली छोड़ आना, तुम्हारा पर्चा हम घर पर करवा लेंगे। इस प्रकार से इनके मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों के बेटे, जवाई, भाई, भतीजे, लड़के और लड़कियों को भर्ती करने का काम किया गया जोकि सरकार के माथे पर एक शर्मनाक कलंक है, पूरी हरियाणा सरकार उनके इन काले कारनामों के लिये शर्मसार है। मैं सरकार को बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि सरकार एक नया सर्विस सलैक्शन बोर्ड बनायेगी जिसमें ऐसा चेयरमैन और मैम्बर बनाएगी जिस पर पूरे हरियाणा के लोग उंगली न उठा सकें। हरियाणा में टेलैंट की कमी नहीं है। हरियाणा प्रदेश में बहुत पढ़े लिखे और योग्य व्यक्ति हैं। आर्मी से रिटायर्ड आफिसर हरियाणा प्रदेश में मौजूद हैं जो बहुत ईमानदार छवि के हैं ऐसे लोगों को कमीशन के चेयरमैन और मैम्बर लगाना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि यह सरकार जो पिछली सरकार द्वारा सर्विस कमीशन के मैम्बर बेईमानी से पहले वाले मैम्बरों के इस्तीफे दिलवाकर थोड़े दिन पहले बनाये हैं उसमें व्यापक सुधार करेंगे और उनके भ्रष्टाचार के जो काले कारनामें हैं उनका पर्दाफाश करेंगे ताकि उन्हें कानून से सख्त से सख्त सजा मिले। ऐसा करके ही हम अपने प्रदेश के बेरोजगारों का और आम जनता का विश्वास कान्स्टीच्यूशनल और दूसरी संस्थाओं में कायम कर सकते हैं। अध्यक्ष महोदय, चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी जो फेक यूनिवर्सिटी थी। मौके पर इस तरह की कोई यूनिवर्सिटी नहीं थी, कोई इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं था, न प्रोफेसर थे लेकिन पिछली सरकार ने भिवानी, जींद और दूसरे जिलों के बहुत से कालेजों को जबरदस्ती इस यूनिवर्सिटी के साथ जोड़ दिया था। विद्यार्थियों और स्टाफ की मर्जी के खिलाफ चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी को कामयाब करने के लिए बहुत से जिलों के कालेजों को उसके साथ जोड़ दिया गया था और बड़ा भारी जुल्म विद्यार्थियों पर किया गया। विद्यार्थियों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई, लोगों ने आवाज उठाई, कांग्रेस पार्टी ने आवाज उठाई लेकिन पिछली सरकार ने किसी की नहीं सुनी। लेकिन मौजूदा सरकार ने फिर से उन संस्थाओं और कालेजों को आरिजनल यूनिवर्सिटीज के साथ लगाकर बहुत सराहनीय कार्य किया है। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने साफ सुथरा और पारदर्शी प्रशासन देने का वायदा किया है इससे लोगों में एक संतोष की लहर उठी है। यह सदन उसका स्वागत करता है। सरकार ने सीनियर और काबिल अधिकारियों को जिलों में नियुक्त किया है जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है और इससे सरकार की मंशा और पारदर्शिता जाहिर होती है। Well begin is half done. यह अंग्रेजी की कहावत है। इस सरकार ने थोड़े समय में बहुत से अच्छे निर्णय लिये हैं हाउस और लोग इन सारी बातों का स्वागत करते हैं। पहले वाली लोक दल की सरकार की तानाशाही और भ्रष्टाचार से छुटकारा पाकर हरियाणा के लोगों ने अब सुख की सांस ली है। क्योंकि पिछली सरकार के समय में हर वर्ग के अधिकारों का भारी हनन हुआ हैं। पिछले पांच साढ़े पांच साल में हरियाणा का ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसके अधिकारों का गला न घोंटा गया हो। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार ने प्रैस को भी नहीं छोड़ा। प्रैस की आवाज को भी उन्होंने दबाकर रखा। लेकिन जो बहादुर, निडर और काम करने वाले लोग थे वे तो अपना काम कर ही रहे थे फील्ड में चाहे सिरसा, कैथल, पानीपत या कोई और जिला था वहां पर प्रैस वालों के हाथ-पैर ही नहीं तोड़े गये बल्कि कई जगहों पर सिर्फ राजनैतिक दुर्भावना को देखते हुए उनके कत्ल भी पिछली सरकार के समय में कराये गये। अध्यक्ष महोदय,

पिछली सरकार के समय में हरियाणा प्रदेश में भ्रष्टाचार का जो नंगा ताण्डव चल रहा था उसको खत्म करने के लिए मौजूदा सरकार ने अच्छे कदम उठाये हैं और कांग्रेस पार्टी का शासन प्रदेश में आने से लोग बहुत खुश हैं। इसके साथ ही साथ मैं यह कहना चाहूँगा और सरकार को चेताना चाहूँगा कि लोगों की आकांक्षाएं मौजूदा सरकार से बहुत ऊंची हैं क्योंकि एक बहुत लम्बी अंधेरी रात के बाद सूर्योदय हुआ है। सरकार को जहां खुश होना चाहिए वहां सरकार के लिए थोड़ा चिंता करने का काम भी है। खासतौर से इनकी आकांक्षाओं को पूरा करना है। इसमें बहुत गंभीरता से सोचने, मनन करने और ठीक फैसले लेने की जरूरत है। मुझे इस सरकार से पूरी उम्मीद है कि सरकार भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को खत्म करने का पूरा प्रयास करेगी। सरकार की भ्रष्टाचार को समाप्त करने की बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए, चूंकि जनता ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को खत्म करने के लिए मैनडेट दिया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने एक चार्जशीट कमेटी बनायी थी। मुझे खुशी इस बात की है कि आज के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा उस कमेटी के सीनियर मैम्बर थे। उस चार्जशीट की रिपोर्ट तैयार करवाने में इनकी बहुत बड़ी कन्ट्रीब्यूशन है। मुझे थोड़ा सा अफसोस इस बात का है कि उस कमेटी से जुड़े हुए हमारे कई साथी जैसे जगदीश नेहरा जी और दूसरे साथी थे वे इस हाउस में नहीं आ सके लेकिन अभी भी हमारे कई अग्रणी साथी यहां पर मौजूद हैं। जैसे हमारे साथी कर्ण सिंह दलाल साहब और इनके अलावा बहुत से लोग यहां पर बैठे हैं इन्होंने अपना कन्ट्रीब्यूशन उस चार्जशीट को तैयार करवाने में दिया है। हमने इस चार्जशीट की जो रिपोर्ट तैयार की है उसकी किसी सी०बी०आई० से इंक्वायरी करवाने की जरूरत नहीं है और न ही इसके लिए कोई कमीशन मुकर्रर करने की जरूरत है। इस चार्जशीट रिपोर्ट में ऐसे बेशुमार तथ्य हैं, रिकॉर्ड है, डाकूमेंट्स हैं जिनके आधार पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए सीधी एफ०आई०आर० दर्ज करवाई जा सकती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी बेईमानी से, लूट से अर्जित की हुई अरबों-खरबों रुपये की जायदाद है उसको जब्त करना चाहिए जो कि कानूनी तौर पर जब्त की जा सकती है उसको जब्त करना सबसे ज्यादा अनिवार्य है। मैं नहीं कहता कि बदले की भावना से कुछ करना चाहिए। सरकार ने पहले ही इस बात के लिए अपनी मंशा जाहिर की है कि ऐसे घोर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। अगर ऐसे अपराधी छूटेंगे तो जनता में यह एक अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सरकार को अपने प्रदेश के गरीबों, दलितों, महिलाओं, कमजोर तबकों और भले लोगों के लिए चिन्ता करनी चाहिए और उनकी भलाई के लिए सोचना चाहिए। ऐसे जिन लोगों ने उस सरकार के समय में सफर किया है, जिन लोगों ने उस सरकार की जिल्लतें उठाई हैं और उस वक्त की सरकार ने जिनका बहुत भारी उत्पीड़न किया है उनको न्याय देने का काम मौजूदा सरकार का है। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार उनके जख्मों पर फोहा और मरहम पट्टी लगायेगी। जनता को लूटने वाले चंगेज खां जैसे जो लुटेरे हैं उनको और उनके चाटूकारों को सख्त सजा दिलवानी जरूरी है।

अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में कृषि क्षेत्र पर बहुत महत्वपूर्ण और विस्तृत चर्चा की गई है। वाकई कृषि क्षेत्र इस प्रान्त का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है, चूंकि आज भी 70 प्रतिशत लोग कृषि पर गुजारा करते हैं। इस में वे लोग भी मौजूद हैं जिनकी थोड़ी-थोड़ी जोत रह गई है। इसमें वह भी एक बहुत बड़ा तबका मौजूद है जो भूमिहीन है लेकिन कृषि से उनके पूरे परिवार की जिन्दगी जुड़ी हुई है। सबसे पहले मैं यह कहना चाहूँगा कि हरियाणा सरकार को कृषि से जुड़े किसानों के बारे में और गरीब लोगों के बारे में स्टैच्यूट बुक में जो काले कानून हैं उनको निरस्त करना चाहिए यानि उनको समाप्त करना चाहिए। आज यह भी कानून है कि जो किसान-खेत मजदूर हैं अगर वे कर्जा वापस नहीं दे सकें तो बिना मुकदमा चलाए और बगैर रिमाण्ड पर लिए उनको 40 दिन के लिए जेल

[श्री एस०एस० सुरजेवाला]

में बंद किया जा सकता है। इतना ही नहीं जितने दिनों वह बन्द रहता है उसके खाने का खर्चा भी उस गरीब के जिम्मे लिखा जायेगा। आज शायद यह भी कानून है कि लैण्ड डिवैल्पमेंट बैंक और दूसरे नैशनेलाईजेशन बैंक का अगर कोई आदमी कर्जा वापस नहीं दे तो उसकी डिक्री लेकर उसके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है। मेरे ख्याल में लैण्ड डिवैल्पमेंट बैंक को तो डिक्री लेने की भी जरूरत नहीं है और यह बैंक उनकी जमीन को नीलाम कर सकता है। ये ऐसे कानून हैं जो किसानों के और गरीब लोगों के बहुत विरोधी हैं। गरीब लोगों की दशा सुधारने के लिए इन कानूनों को जल्दी खत्म करना सरकार के लिए बहुत अनिवार्य है। खेती की और भी बहुत सी जटिल समस्याएं हैं। मैं इन समस्याओं का संक्षेप में जिक्र करना चाहूँगा। अध्यक्ष महोदय, आज किसान जो बैंक से पैसा लेता है उसकी ब्याज की दरें बहुत ऊंची हैं। आज भी कार, कोठी, रैफ्रीजरेटर लेने के लिए और दूसरी लग्जरी गुड्ज लेने के लिए कम्पनियां जीरो परसैंट से लेकर 7–8 परसैंट तक लोन देती हैं। लेकिन किसानों को आज 12, 14 और 17 परसैंट ब्याज देना पड़ता है। खेत मजदूर को आज इतना ऊँचा ब्याज देना पड़ रहा है और उसकी जमीन की जोत बहुत थोड़ी रह गई है। खेती के काम में आने वाली वस्तुएं पानी, बिजली, खाद, कीड़े मार दवाईयां, मजदूरी और खेती के काम आने वाली दूसरी चीजें चाहे वे कुछ भी हैं बहुत ही महंगी हो गई हैं जिसके कारण खेती आज घाटे का सौदा हो गई है। घाटे का सौदा होने की वजह से किसान और मजदूर आत्म हत्याएं करने पर मजबूर हो रहे हैं। महंगाई किसान और मजदूर के गले में फांसी का फंदा बन गयी है इस पर सोचने की जरूरत है। मैं सुझाव देना चाहूँगा कि जो लोग गरीबी की वजह से तंग होकर आत्महत्या करने को मजबूर हुए हैं उनके परिवारों की भरपूर आर्थिक सहायता करनी चाहिए। मैंने सुना है कि पंजाब सरकार ऐसे परिवारों को एक लाख रुपये की सहायता राशि देती है जिनके परिवार के पास कोई कमाने का साधन नहीं है और किसान ने आत्महत्या कर ली है। मैं हरियाणा सरकार से भी दरख्वास्त करना चाहूँगा कि इस बारे में हमें भी गम्भीरता से सोचना चाहिए। हालांकि यह कोई इलाज नहीं है! हमें इसके कारणों की जड़ों की तरफ जाना चाहिए और पूरी खोज करनी चाहिए कि ऐसी अवस्था क्यों बनी जिसमें किसान को काम करने वाले व्यक्ति को आत्महत्या करनी पड़ती है! हमें उन कारणों को खत्म करना है और पूरी व्यवस्था को बदलना है एक ऐसी व्यवस्था बनानी है कि उसमें काम करने वाले को न तो भूखा मरना पड़े और न ही जान से जाना पड़े। अध्यक्ष महोदय, खेती की एक और समस्या है पानी का गिरता हुआ स्तर। बहुत से इलाकों में ट्यूबवैल के पानी का स्तर इतना नीचे चला गया है कि वह किसान के लिए बहुत महंगा हो गया है क्योंकि मोटरें बहुत नीचे उतारनी पड़ती हैं और बहुत महंगे ट्यूबवैल्ज लगाने पड़ते हैं क्योंकि पानी की मात्रा बहुत ही कम है। इसके साथ ही जमीन पर निरन्तर आबादी का दबाव है। आबादी कम करने के लिए देश में कोई भी उपाय नहीं किए गए हैं। हरियाणा में तो आबादी बहुत ही ज्यादा है। इस बारे में यदि आप विदेशों की ओर देखें तो पता चलेगा कि हमारे यहां पर आबादी का घनत्व कितना ज्यादा है। कनाडा में एक किलोमीटर में केवल 3 लोग रहते हैं और अमरीका में 131 लोग रहते हैं जबकि हरियाणा में 800 से ज्यादा लोग रहते हैं और शहरों में तो कई हजार लोग रहते हैं और इनकी औसत बढ़ती ही जाती है। आबादी को कम करने के लिए भी हमें गम्भीरता से सोचना होगा। नौजवान और भूमिहीन लोगों में बढ़ती हुई बेरोजगारी और गिरता हुआ जीवन-स्तर खेती और गांवों की बहुत बड़ी जटिल समस्या है। मुझे उम्मीद है कि सरकार इन सारी बातों पर कोई न कोई कारगर कार्यवाही करेगी। इस बारे में मैं सुझाव देना चाहूँगा। मैंने सुना है कि पिछले दिनों पंजाब सरकार ने एक किसान कमीशन बनाया है यह ठीक है कि अखिल भारतीय स्तर पर भी एक किसान कमीशन ऑलरैडी है लेकिन उसके लिए देश

बहुत बड़ा है। देश में विभिन्न राज्यों की विभिन्न परिस्थितियां हैं कहीं पर सॉयल किसी तरह की है कहीं पर पानी का स्तर कोई और है कहीं खेती की उपज बिल्कुल भिन्न है जो हमारी स्टेट से मेल नहीं खाती हैं इसलिए मेरा सुझाव है कि हरियाणा सरकार एक स्पैसिफिक कमीशन बनाए उसका नाम किसान कमीशन, खेती कमीशन या और कुछ भी रखा जा सकता है। यह कमीशन हरियाणा की खेती बाड़ी या गांवों से जुड़ी जितनी भी समस्याएं हैं उनका अध्ययन करे। पूरा अध्ययन और चिन्तन करने के बाद एक निश्चित समय सीमा के अन्दर उसकी रिपोर्ट आए और सरकार उस पर अमल करे ताकि गांवों में बसने वाले और खेती से जुड़े लोगों के जीवन में तबदीली आए और वे रोशनी की किरण देख सकें। अध्यक्ष महोदय, नहरी पानी के अभाव को दूर करने के लिए गवर्नर महोदय ने अपने अभिभाषण में इशारा किया है उसमें एस०वाई०एल० नहर, दादूपुर नलवी नहर, घग्गर, टांगड़ी मारकण्डा के ऊपर चैक डैम बना कर उस पानी का इस्तेमाल किया जाए। मुझे तो उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट का एस०वाई०एल० के बारे में जो भी फैसला आएगा, उससे हरियाणा को बहुत बड़ा रिलीफ मिलेगा। मुझे यह भी उम्मीद है कि भारत सरकार की इन्टरवैंशन से वाहेगुरु पंजाब सरकार को और सद्बुद्धि देगा। स्पीकर सर, हरियाणा और पंजाब के कल्चर में, रहन-सहन में, खान-पान में और वेश-भूषा में कोई अन्तर नहीं है। सदियों हम इकट्ठे रहे हैं। हरियाणा से बाहर पंजाब के किसानों ने एक संगठन बनाया हुआ है। हमारे किसान नेताओं को और पंजाब के किसानों के नेताओं को इकट्ठे होकर पानी के विषय पर बातचीत करनी चाहिए। उनको सबको भाई चारे से मिल बैठकर बातचीत करनी चाहिए। इस बारे में हरियाणा सरकार पहल करेगी। स्पीकर सर, मैं सदन में दादूपुर नलवी नहर के बारे में बताना चाहता हूँ। 1991-92 में मैं कृषि मंत्री था और भाई निर्मल सिंह जी जो यहां पर बैठे हुए हैं उस वक्त वे भी इस सदन में थे, इनको भी पता है कि उस वक्त हमने मौके पर जाकर उस जगह का निरीक्षण किया था। हमने गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया से उसके लिए एन०ओ०सी० ली थी और नक्शे पास करवाए थे। उसके लिए हमने बहुत मेहनत की थी। स्पीकर सर, वहां की जमीन बहुत उपजाऊ है और वहां पर बहुत ही अच्छी फसल होती है। लेकिन वहां पर आज पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है। इस नहर के बनने से उसमें बरसाती पानी इकट्ठा करने से और आबपाशी के लिए मौका मिलेगा। स्पीकर सर, आपके अपने हल्के में एक झील बीबीपुर नाम की थी और उसमें पानी इकट्ठा किया जाता था। उससे कुरुक्षेत्र, कैथल जिले की नहरों को पानी दिया जाता था और वहां के किसान उस पानी से आबपाशी करते थे। पिछली सरकार के वक्त में आपके हल्के से ही कृषि मंत्री थे, वे किसानों की गर्दन पर पैर रखकर चढ़े जिसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने उस पानी को बाहर करने का काम किया।

**Mr. Speaker :** It is a sensitive issue and you are not aware of it.

**Sh. S.S. Surjewala :** Sir, I am not talking against anybody. We want even Kurukshetra as good part of Haryana as downward areas are.

**श्री अध्यक्ष :** वहां पर बहुत से गांव डूबते थे।

**Sh. S.S. Surjewala :** Sir, nobody would like to drown the areas. It is an issue. We should be looked into स्पीकर सर, इसके बाद मैं बिजली के बारे में बहुत संक्षिप्त में बात कहना चाहूँगा। पिछली सरकार में ओम प्रकाश चौटाला मुख्यमंत्री थे। वे केवल मात्र झूठ ही बोलते थे और झूठ के सिवाय कुछ भी नहीं बोलते थे। वे हर दिन ब्यान दिया करते थे कि अगले महीने हरियाणा में बिजली सरप्लस हो जाएगी और उससे अगले महीने हम दूसरे प्रान्तों को बिजली बेचेंगे। आज हरियाणा में बिजली खेती के लिए नहीं है, इण्डस्ट्री के लिए नहीं है, घरों में जब बिजली की ज्यादा

[श्री एस०एस० सुरजेवाला]

आवश्यकता होती है तो लोगों को बिजली नहीं मिलती है। इस सरकार के बनने के बाद लोगों को एक रोशनी की किरण मिली है। जो सुबह शाम के कट थे उनमें अब काफी कमी आयी है। मुझे उम्मीद है कि बिजली मंत्री जो स्वयं एक हरियाणा के प्रसिद्ध उद्योगपति हैं और जिन पर हरियाणा को गर्व है, वे बिजली महकमे को बहुत ही सुचारू रूप से चलाएंगे। जरूरत आज बिजली की है इसलिए आज नये बिजली घर बनाने की जरूरत है। मैं इशारा करना चाहता हूँ यमुनानगर के सुपर पॉवर थर्मल प्लांट का जो कांग्रेस के राज में शुरू हुआ था जमीन अधिग्रहण की गयी थी, लेवलिंग करायी गयी थी, साईट ओफिस बना था, स्टॉफ की पोस्टिंग हुई थी और रेलवे की, कोल की यानी हर चीज की ऐप्रुवल फाईनेंस कमीशन और प्लानिंग कमीशन से ली गयी थी लेकिन बहुत लम्बे अर्से तक झूठे ब्यान देने के बाद भी ओम प्रकाश चौटाला इस प्लांट का कुछ काम नहीं करवा सके। स्पीकर साहब, मुझे उम्मीद है कि कांग्रेस के लिए यह एक अपोरच्युनिटी है। मुख्यमंत्री जी और बिजली मंत्री वहां पर सुपर पॉवर थर्मल प्लांट को चालू करवाने के बारे में जरूर सोचेंगे। दुनिया के लोग, दुनिया की कम्पनियां अच्छी टर्म्ज पर इस प्लांट को लगाने के लिए तैयार हैं मुझे उम्मीद है कि यह सरकार इस प्लांट को लगवाएगी ताकि बिजली की समस्या को हल किया जा सके। स्पीकर साहब, हिसार में एक बहुत पुरानी योजना थी ऐटोमिक पॉवर स्टेशन लगाने की। इसलिए इस योजना पर भी विचार किया जाना चाहिए। इसी तरह से फरीदाबाद का जो गैस बेस्ड पॉवर स्टेशन है उसको भी और एक्सपैंड करना जरूरी है। सिंचाई मंत्री महोदय इस समय हाउस में नहीं बैठे हैं वे चले गये हैं लेकिन कोई बात नहीं क्योंकि मुख्यमंत्री जी और दूसरे मंत्री बैठे हैं एक ही बात है। मैं कहना चाहता हूँ कि यदि आपने लिफ्ट स्कीम्ज को कामयाब करना है तो वहां पर मौके पर कैपटिव प्लांट लगवाना पड़ेगा क्योंकि इतनी लम्बी-लम्बी लाईनों से लिफ्ट के स्टेशन बिजली से नहीं चल सकते। मैं सिंचाई मंत्री रहा हूँ इसलिए मेरा इस बारे में तजुर्बा रहा है। मुझे उम्मीद है कि सरकार बिजली में बढ़ोतरी जरूर करेगी। अध्यक्ष महोदय, यह सही है कि इन कामों को करने के लिए सरकार के पास इतना रुपया नहीं हो सकता इसलिए एक और सैक्टर है जिसके द्वारा यह काम करवाए जा सकते हैं और वह है प्राईवेट सैक्टर। हरियाणा में बड़े-बड़े उद्योगपति हैं। इस देश के उद्योगपति, दुनिया के उद्योगपति आज बिजली घर लगाने में, सड़कें बनाने में, बंदरगाह बनाने में और एयरपोर्ट बनाने में रुपया खर्च करने को तैयार हैं। इसलिए हरियाणा सरकार को भी उनकी मदद लेनी चाहिए। प्राईवेट सैक्टर में बिजली का उत्पादन करना बहुत अनिवार्य है। उद्योग और व्यापार की बात करते हुए मैं हरियाणा के व्यापारियों की और दुकानदारों की इस मौके पर जरूर सराहना करना चाहता हूँ। जिस तरह से पिछली सरकार भ्रष्टाचारी और आतंकवादी थी उस पार्टी का उन्होंने जिस तरह से इस चुनाव में विरोध किया और जिस तरह से इन तबकों ने एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी की मदद की है उसको देखते हुए हमारी और ज्यादा जिम्मेदारी बनती है कि हम व्यापार करने वाले दुकानदारों के लिए, उद्योगपतियों के लिए जो भी ऐसे कानून हैं, जो भी ऐसे रूल्ज हैं जोकि इनको काम करने में बाधा पैदा करते हैं, मुझे उम्मीद है कि सरकार बहुत जल्द उनके बारे में विचार करेगी और उनको इस बारे में राहत देगी, सहूलियतें देगी। अध्यक्ष महोदय, भ्रष्टाचार आज एक बहुत बड़ा मुद्दा है। यह उद्योग और बिजनैस के लिए बहुत बड़ा घातक है। लेकिन सरकार इस बारे में बहुत सचेत है और उम्मीद की जाती है कि जैसी शुरूआत इस सरकार ने की है वैसे ही वह ऐंड कंक्लूजन तक लेकर जाएंगे। अध्यक्ष महोदय, इन तबकों को सुविधाएं मिलनी ही चाहिएं ताकि रोजगार के और साधन बढ़ें। इनको सुविधाएं देने के लिए सिंगल विंडो की भी बात होती रही है। अध्यक्ष महोदय, सरकार के जो सीनियर अधिकारी हैं उनसे भी मुझे उम्मीद है और पूरी असैम्बली को, पूरे हाउस को उनसे उम्मीद है कि वे इस बारे में

जरूर सरकार के हाथ मजबूत करेंगे। पुराने कानून हैं, पुराने कायदे हैं बहुत रेडटेपिज्म है हर बात के लिए बहुत चक्कर काटने पड़ते हैं इसलिए भ्रष्टाचारकी वजह से उद्योग पिछले कई सालों में कम हुए हैं। उस वक्त मुख्यमंत्री स्वयं लैंड यूज चेंज के लिए पैसा लेते थे, हर बात के लिए पैसा लेते थे। वो तो एक ऐसा वातावरण था जिसमें एक साधारण इंसान के लिए रहना ही मुश्किल था। पिछली सरकार ने जो भी गड़बड़ी की हैं, नयी सरकार इस बारे में सभी कदम उठाएगी।

**डॉ० सीता राम :** अध्यक्ष महोदय, मेराप्वाइंट ऑफ ऑर्डर है। *****

**Mr. Speaker :** This is not a poin of order. Nothing to be recorded. Please take your seat.

**श्री एस०एस० सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, नौजवान साथी को तो ऐसा कहना ही पड़ता है क्योंकि जब ये यहां से जाएंगे तो इनके नेता इनसे जवाबतलबी करेंगे। असल बात तो यह है कि यह तो कुछ भी नहीं है। It is a tip of the iceberg. यह तो बड़ा भारी तोदा है उससे तो कोई जहाज भी टकराएगा तो चूर-चूर हो जाएगा। अभी इस सरकार ने उसको तोड़ना है भ्रष्टाचार के सारे ताने-बाने को खत्म करना है। बेरोजगारी एक बहुत ही जटिल और गंभीर समस्या बन गई है जो समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर सकती है इसका समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण युवकों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। ग्रामीण युवक अपराधों का सहारा लेने को मजबूर हो गए हैं इसलिए बहुत हमदर्दी और संवेदनशीलता से इस समस्या का हल बहुत ही जरूरी है। बेरोजगारी दूर करने के लिए सिर्फ सरकारी नौकरियां ही पर्याप्त नहीं हैं व्यापक नहीं है बेरोजगारी दूर करने के लिएठोस उपाय हैं लेकिन उसके लिए शिक्षा पद्धति बदलनी होगी। आई०आई०टी०, आई०एम०टी० और निचले स्तर पर साधारण तबकों और गरीबों के लिए नर्सिंग के कोर्सिस हैं बहुत से सेमी टैक्नीकल कोर्स हैं जिनमें दसवीं पास लड़के जाकर अपना भविष्य बना सकते हैं इसके लिए एक व्यापक नीति बनाने की जरूरत है। बेरोजगारी से लड़ने की जरूरत है बेरोजगारों से हमदर्दी करने की जरूरत है और जो नौजवान अपराधों में चले गए हैं वह केवल कानून व्यवस्था का मसला नहीं है वह एक गंभीर सामाजिक मसलाहै उस मसले को टैकल करना चाहिए न केवल डंडे से बल्कि उसकी जड़ का उन्मूलन करके उसको खत्म करना चाहिए। मुझे संक्षिप्त में शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करनी है। हरियाणा में शिक्षा का बहुत बुरा हाल है हरियाणा के बड़े-बड़े लोगों को भी यह पता नहीं है कि यूनिवर्सिटी और कालेज में क्या फर्क है इस बारे में हरियाणा के पिछले मुख्यमंत्रियों को भी यह पता नहीं था वे तो यही समझते थे यूनिवर्सिटी भी कालेज है जिसमें स्टाफ जैसे लगता है उसी तरह से वाइस चांसलर किसी को लगा दो। जिसमें चाहे उसकी बैकग्राउंड कुछ भी हो। मुझे तो यह भी पता है कि यूनिवर्सिटी के क्लर्क भी वाइस चांसलर बने और बहुत सफल रहे और भी बहुत बातों का पता है उनकी इस वक्त चर्चा करना फिजूल है उससे हमको सबक सीखना है। वाकई में जो बहुत सीनियर एकैडमीशियन हैं बहुत इंटैलैक्चुअल हैं उनकी आज हरियाणा में कमी नहीं है और अपने प्रदेश में किसी विषय की कोई कमी हो भी तो बाहर से ले सकते हैं क्योंकि यह सारा देश हमारा है लेकिन कम से कम बच्चों का भविष्य तो बनाएं। शिक्षा पद्धति को बदलने की जरूरत है। यूनिवर्सिटीज को एक कारगर इंस्टीच्यूशन्स बनाने की जरूरत है। शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की जरूरत है। मैं शिक्षा देने वालों को नमस्कार कर सकता हूँ। सुधार की काफी जरूरत है। स्वास्थ्य के बारे में अगर मैं चर्चा करूं तो बहुत ही दयनीय हालत है। अगर एक पेशेन्ट की बीमारी के इलाज पर जो बजट का पैसा लगता है वह बहुत थोड़ा लगता है। सरकार की आर्थिक हालत

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

[श्री एस०एस० सुरजेवाला]

इतनी अच्छी नहीं है। टैक्सों की चोरी है और टैक्सों में पिलफ्रेज है और बहुत बातें हैं। सरकार की मजबूरी हो सकती है। आज गरीब आदमी के लिए सच पूछो तो, अध्यक्ष महोदय आप स्वयं जानते हैं, क्योंकि आप गांव से जुड़े हैं, जमीन से जुड़े हुये हैं किसी गरीब आदमी के लिए सरकारी अस्पताल में दवाई उपलब्ध नहीं हैं वहां इलाज भी उपलब्ध नहीं है। अगर मरीज ने यूरीन या स्टूम्प का टैस्ट करवाना हो या कोई और टैस्ट करवाना हो तो उसके लिए डॉक्टर पर्ची पर लिख देते हैं कि टैस्ट प्राईवेट जाकर करवाओ हमारे यहां की मशीन खराब है या यहां की मशीन पर भरोसा नहीं है। प्राईवेट लैब में टैस्ट करवाने पर बहुत पैसे लगते हैं। आज दवाईयां बहुत महंगी हो गई हैं। डब्ल्यू०टी०ओ० आने के बाद भी आज मिडल क्लास के आदमी के रीच से दवाई खरीदना बाहर है। (व्यवधान) अब नई सरकार आई है वह इसमें सुधार कर सकती है इसके लिए हम पूरे आश्वस्त हैं। महिलाओं और दलितों के बारे में भी मैं संक्षिप्त में कहकर अपनी बात जल्द खत्म करना चाहूँगा। आज महिलायें समाज का उतना ही गरीब और दबा हुआ तबका हैं, सामाजिक और आर्थिक तौर से पिछड़ा हुआ तबका हैं, जितना बेचारे दलित, भूमिहीन और गरीब लोग हैं। सामाजिक तौर पर दोनों की व्यवस्था में बहुत अन्तर नहीं है। समाज तो हजारों सालों से महिलाओं को पांव की जूती समझता रहा है। अभी भी महिलाएं घर का काम करने और बच्चों को पैदा करने के लिए ही हैं। लोग शाम को शराब पीकर आते हैं और उनको किसी बात का सही जवाब न मिले तो वे महिलाओं की पिटाई करते हैं और घर के बर्तन तोड़ते हैं। आदमी ने तो बर्तन लाने नहीं हैं उसने तो अगले दिन फिर शराब पीनी है। आज महिलाओं की चिन्ताजनक स्थिति है। आज मेल और फीमेल रेशो के हिसाब से निश्चित ही हरियाणा में शर्म की बात है पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा अंतर मेल फीमेल की रेशो का हरियाणा में है। 800 लड़कियों के पीछे 1000 लड़के हैं। और अगर छः साल के ऐज ग्रुप के बच्चों की रेशो देखी जाये तो यह गैप और बढ़ जायेगा। वर्तमान में यह गैप 100-200 के बीच है यह बड़ी कानूनी और सामाजिक डिस्टोरशन है यह एक ऐसी अवस्था पैदा कर सकता है कि सरकार को महिलाओं के संरक्षण और रक्षा करने में मुश्किल हो सकती है। इसको तुरन्त चैक करना चाहिये। यह केवल कानून से चैक नहीं हो सकती है इसके लिए तो समाज की सोच बदलनी होगी। महिलाओं का सशक्तिकरण करने की जरूरत है। मैं तो यह कहूंगा कि आज महिलाओं का प्रापर्टी में बराबर का हिस्सा होना चाहिए चाहे वह मकान हो या जमीन। इसके लिये बाकायदा लीगली हिस्सा होना चाहिए। आज महिलाओं की आबादी 50 प्रतिशत के बराबर है। महिलाओं के बिना समाज का सुधार नहीं कर सकते। हमारे समाज का गिरावट का सबसे बड़ा कारण यही है कि हमने महिलाओं को कभी आदर और मान नहीं दिया। शिक्षा के अगर फिगर महिलाओं के बताऊं तो बहुत ही शर्मनाक हैं हरियाणा में बहुत लो हैं समय कम है महिलाओं को शौच जाने के लिए कोई जगह नहीं हैं। आज बहुत से गांवों में 82 प्रतिशत घर ऐसे हैं जहां महिलाओं के लिए शौचालय नहीं हैं और न ही कोई सार्वजनिक शौचालय हैं, न ही नहाने की व्यवस्था है। 37 प्रतिशत ऐसे घर हैं जहां रसोईघर अलहदा नहीं हैं घर ही रसोईघर हैं। उसी में धुएं में आंखें सबकी खराब होती हैं और बीमार होते हैं। इस पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है और यह बहुत ही प्राथमिकता का विषय है। गांवों में पीने के लिए पानी नहीं है। दलित वर्ग की हालत इससे भी ज्यादा खराब है। भूमिहीन लोगों की, गरीब लोगों की और बेरोजगारों की समस्या है, आवास की कमी है। दलित वर्ग का उत्पीड़न होता है। ओम प्रकाश चौटाला ने तो कई जगहों से हरिजन वर्ग को, बैकवर्ड लोगों को उजाड़ दिया। पूरे के पूरे गांव के गांव उजाड़ दिए थे। हरसोला गांव से भाई तजेन्द्र पाल मान जी बैठे हैं, उन्होंने दलित वर्ग के लोगों के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी है। इनके साथ मिलकर हमने धरने दिए, जलूस निकाले, बहुत लड़ाई लड़ी,

लेकिन चौटाला के कान पर जूं तक न रेंगी। हरसोला गांव के दलित बेचारे कैथल आकर बसे। उनको बसने के लिये बहुत खराब जगह मिली है, वहां पर न पानी है, न बिजली है। (विघ्न) दलितों में 27 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिनके पास रहने के लिए केवल एक कमरा है, दूसरा कमरा नहीं है, बच्चों की शादियां होंगी, बीमार लोग भी हैं, बूढ़े भी हैं, बच्चे भी हैं कैसे एक कमरे में गुजारा चलेगा सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। 17 प्रतिशत घर ऐसे हैं जिनके घर बिजली का कनैक्शन नहीं है, एक भी लट्टू बिजली का नहीं है। मैं हरियाणा की बात कर रहा हूँ, हरियाणा हिन्दुस्तान के मानचित्र पर एक प्रोग्रेसिव स्टेट है 35 लाख लोग ऐसे हैं जिनके पास प्रापर्टी के नाम पर एक साइकिल और रेडियो तक नहीं है जबकि साइकिल और रेडियो प्रापर्टी में नहीं आते, उनके पास वह भी नहीं है इसलिये यह एक गम्भीर मसला है। लोगों को कांग्रेस पार्टी से काफी उम्मीदें हैं, खासकर महिलाओं को, दलितों को, गरीबों को और भूमिहीन लोगों को कांग्रेस सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। बैंकिंग भी उनके बहुत कम हैं। बेरोजगारी की जटिल समस्या है और हर तरह की समस्याएं हैं। अध्यक्ष महोदय, मैंने सदन का काफी समय लिया, आपकी उदारता है कि आपने मुझे टोका नहीं और न ही घंटी बजाई। आप बड़े डेमोक्रेट हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। कल जो हाउस का वातावरण था, उससे हम बड़े आश्वस्त हैं, इतनी बात कहकर मैं अपनी बात खत्म करूंगा कि जो हरित क्रांति है वह हरित क्रांति नैगैट हो गई है, खेती करने वाले किसान को एक और क्रांति चाहिए। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में खेती को तो माडर्न करना ही है, इसके साथ-साथ हरियाणा में किसान और उससे जुड़ी हुई बहुत सी समस्याएं हैं, बेरोजगारी की बहुत भारी समस्या है, शिक्षा की स्थिति बहुत दयनीय है। दवाई के नाम पर प्राईवेट डॉक्टर अपने घर बनाते हैं। आज करना हमारे साथी भिवानी में प्राईवेट डॉक्टर हैं लेकिन वे फ्री दवाईयां देते हैं और पैसे नहीं लेते। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** सुरजेवाला जी, आप वाइंड अप करें।

**श्री एस०एस० सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूँ और इस सदन के सम्मानित और माननीय सदस्यों से उम्मीद करूंगा कि राज्यपाल अभिभाषण पर जब भी समय आएगा धन्यवाद का प्रस्ताव करेंगे। अध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ मैं सरकार से उम्मीद रखते हुए एक बार फिर आपका अच्छी शुरुआत के लिए धन्यवाद देता हूँ।

**Mr. Speaker :** Now, Shri Udai Bhan will second the motion.

**श्री उदय भान ( हसनपुर, एस०सी० ) :** अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। आज प्रात: 9.30 बजे महामहिम राज्यपाल महोदय ने इस महान सदन में अपने अभिभाषण में सरकार की नीतियों और कार्यक्रम के बारे में बताया था। जिसके संदर्भ में इस महान सदन के बहुत वरिष्ठ और अनुभवी विधायक सदस्य चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला जी ने जो धन्यवाद प्रस्ताव रखा है उसका मैं अनुमोदन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। सबसे पहले इस अवसर पर मैं हरियाणा प्रदेश की जनता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिसने इस प्रदेश से एक भय, आतंक, भ्रष्टाचार और तानाशाही सरकार राज कर रही थी उसको उखाड़ फैंकने का कार्य किया। इस प्रदेश की जनता ने श्रीमती सोनिया गांधी जी के ऊपर विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी पर विश्वास करते हुए कांग्रेस को बहुत ही विशाल बहुमत के साथ सत्ता सौंपी है। अध्यक्ष महोदय, सत्ता परिवर्तन के बाद जिस तरह से हमारी महान नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी ने प्रदेश की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रदेश को बहुत ही साफ और ईमानदार छवि के धनी व्यक्ति जिनका पूरा जीवन संघर्षमयी रहा है। जिनका पूरा परिवार स्वतंत्रता सेनानी से हो करके अभी तक कांग्रेस पार्टी के अंदर रहकर संघर्ष किया है। जिनके दादा नाथुराम जी महान स्वतंत्रा सेनानी रहे हैं और जिनके पिता जी

10.00 बजे

[श्री उदय भान]

रणबीर सिंह बाबा साहेब अम्बेडकर के साथ संविधान सभा के सदस्य रहे और कई दफा राज्य सभा और लोक सभा के सदस्य तथा मंत्री भी रहे। ऐसे साफ छवि के व्यक्ति को हरियाणा की बागडोर सौंपी है। इसके लिए श्रीमती सोनिया गांधी जी को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। इसके अलावा सहयोगी मंत्रियों की भी बहुत बेहतरीन टीम उनके साथ जोड़ी गई है। इससे पूरे प्रदेश में यह मैसेज गया है कि शुरू में ही मौजूदा सरकार ने जो फैसले लिए हैं उससे जाहिर होता है कि सरकार किस तरह से पारदर्शिता और ईमानदारी को सबसे आगे लेकर चल रही है। मौजूदा सरकार ने सबसे पहले एकदम ईमानदार और सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति करके बहुत अच्छा कार्य किया है। उसके बाद प्रदेश के अन्दर किसानों में जो भय का वातावरण बना हुआ था उसे दूर करने का कार्य किया गया है। पिछली सरकार ने राजनैतिक दुर्भावना से किसान यूनियन के नेताओं के खिलाफ राजद्रोह के मामले दर्ज कर दिए थे उन सभी मामलों को वापिस लेने का फैसला करके बहुत अच्छा काम मौजूदा सरकार ने किया है और जो भय का वातावरण किसानों में बना हुआ था उसे दूर करने का काम किया गया है। इसके अलावा ओलावृष्टि या किसी और कारण से फसल का नुकसान होने पर जो मुआवजा राशि दी जाती थी उसको बढ़ाने का काम करके सरकार ने किसानों को राहत देने का कार्य किया है। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा खानों में पिछली सरकार के समय में जो गुण्डा टैक्स वसूला जा रहा था उसे समाप्त करके मौजूदा सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार लाने का कार्य किया है। ठेकों की नीलामी चाहे शराब के ठेकों की हो, चाहे मण्डियों के ठेकों की हो पहले हर जगह धान्धली होती थी और सरकार की तरफ से धान्धली करने वालों को संरक्षण मिल रहा था। पूरे प्रदेश के अन्दर तीनों बाप बेटों के भय का आतंक था हमारी सरकार ने उसको खत्म करने का कार्य किया है। उसके लिये मैं पूरे मंत्रिमंडल को धन्यवाद देता हूँ और मैं उम्मीद करता हूँ कि जैसे चौधरी सुरजेवाला जी ने जो चार्जशीट दी थी जिसमें तथ्य रखे थे उसकी विस्तार से कमेटी बनाकर या सी०बी०आई० से जांच कराई जाए। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा स्टाफ सलैक्शन कमीशन और हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन में भी जो धांधलियां हुई हैं उनकी भी विस्तार से जांच होनी चाहिए। इसके अलावा दुलीना और हरसौला के काण्डों की भी जांच होनी चाहिए ताकि हरिजन और आम जनता महसूस करे कि सभी वर्गों के लिए मौजूदा सरकार कार्य कर रही है। अध्यक्ष महोदय, अब मैं CLU का जिक्र करना चाहूँगा कि फरीदाबाद और गुड़गांव में सभी जगह बहुत बड़ी धान्धली CLU में हुई है। हर चीज में करोड़ों करोड़ों रुपये खाये गये हैं। उसके लिए भी कमेटी बनाकर विस्तार से जांच की आवश्यकता है। अध्यक्ष महोदय, कृषि, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य,भवन एवं सड़कें, परिवहन, खेल आदि सभी को मौजूदा सरकार ने अपने दस्तावेज में तवज्जो दी है। कृषि के मामले में यह बात बहुत आवश्यक है क्योंकि जो गेहूं और धान की फसल है उसके लिए पानी और फर्टिलाईजर की भी बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है इसलिए फसलों की डाइवर्सीफिकेशन के लिए लोगों को प्रेरित करना और उनको समझाना बहुत ज्यादा जरूरी काम है। फसलों की डाइवर्सीफिकेशन होने से जो छोटे किसान हैं या जिनके पास थोड़ी जमीन है उनको अच्छे पैसे मिल सकते हैं। चाहे यह डाइवर्सीफिकेशन बागवानी की तरफ हो, चाहे हर्बल की खेती की तरफ हो, चाहे फूलों की खेती की तरफ हो या दलहन की खेती की तरफ हो। फसलों की डाइवर्सीफिकेशन से उनको थोड़ी जमीन में ज्यादा पैसा मिल सकता है। साथ ही साथ पानी का जो ज्यादा दोहन हो रहा है और फर्टिलाईजर की जो ज्यादा मात्रा इस्तेमाल हो रही है उसमें भी कमी आयेगी और लोगों को कम पैसे खर्च करके अधिक पैसे मिल सकेंगे। ऐसा होने पर किसानों की जमीन भी उपजाऊ होगी। सरकार ने किसानों की फसलों के लिए वेयर हाउस और चिल्ली सेन्टर व कोल्ड स्टोरेज बना रखें हैं। इसके साथ

ही साथ मण्डियों के सौन्दर्यकरण करने की जो सोच है वह बहुत ही सराहनीय कदम है। दिल्ली के साथ हमारा हरियाणा प्रदेश तीन तरफ से सटा हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं चाहूँगा कि इन चीजों की तरफ ध्यान दे कर के किसानों को बहुत ही लाभान्वित किया जा सकता है। सरकार का यह बहुत अच्छा फैसला है कि वह राजस्व रिकार्ड को कम्प्यूटरीकृत करके सभी किसानों के जो क्रेडिट कार्डज हैं या जो उनकी पास बुकें हैं उनके बारे में बहुत विस्तार के साथ उनके रिकार्ड की एन्ट्री की जायेगी। ऐसी पास बुक में यह दर्शाया जाएगा कि किसके पास कितनी जोत है और उसमें कौन–कौन हिस्सेदार हैं। किसानों के इस रिकार्ड को कम्प्यूटराईज करने की बात है यह बहुत सराहनीय काम है। अध्यक्ष महोदय, सम्पूर्ण फसल बीमा योजना करना भी बहुत जरूरी कार्य है क्योंकि इससे किसानों को बहुत अच्छी राहत मिलेगी। इसके लिए मैं सरकार का धन्यवाद करना चाहूंगा कि सरकार सम्पूर्ण फसल बीमा योजना लागू करने जा रही है।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं अपने हल्के की मण्डी के बारे में जिक्र करना चाहूँगा। सदन में हमारे कृषि मंत्री जी बैठे हैं। इसी सदन के पिछले मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला साहब ने यह कहा था कि होडल की जो अनाज मण्डी है संभवत दक्षिण हरियाणा की सबसे बड़ी मण्डी है और हरियाणा में शायद तीसरे चौथे नम्बर पर है। चौटाला साहब ने हमारी मण्डी को एक माडर्न मण्डी बनाने के लिए घोषणा की थी। हमारी यह मण्डी 150 एकड़ के बीच है। इस मण्डी को माडर्न मण्डी बनाने की घोषणा आज से 4 साल पहले हुई थी। इसको आधुनिक बनाने के लिए तीन परपोजल भेजी हुई हैं लेकिन उस दिशा में अभी तक कोई कार्य नहीं किया गया है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि हमारी होडल की जो अनाज मण्डी है उसको माडर्न अनाज मण्डी बनाने का जो आश्वासन इस हाउस में उस वक्त के मुख्यमंत्री जी ने दिया हुआ है उसको पूरा करवाने के लिए मंत्री जी ध्यान रखेंगे।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं सिंचाई के बारे में बात करना चाहूँगा। मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि हमारे दक्षिणी हरियाणा के साथी आदरणीय कैप्टन अजय सिंह को सिंचाई मंत्री बनाया गया है। अब तक दक्षिणी हरियाणा ही सबसे ज्यादा इस सिंचाई के मामले में बहुत प्रभावित रहा है। हम हमेशा ही कहते रहे हैं कि सारे हरियाणा में जो पानी है उसका समान बंटवारा समस्त हरियाणा में बराबर होना चाहिए। हमारे दक्षिण हरियाणा में फरीदाबाद, गुड़गांव, महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी, भिवानी व झज्जर का एरिया आता है। ये सारे जिले पानी न मिलने के लिए सबसे ज्यादा प्रभावितहुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब हमें न्याय मिल सकेगा और जो उपलब्ध पानी भाखड़ा में और यमुना का है उसका पानी सारे हरियाणा को मिलेगा। अध्यक्ष महोदय, इस संबंध में मैं थोड़ी सी बात आगरा कैनाल के बारे में कहना चाहूँगा।

**Mr. Speaker :** Please try to wind up.

**श्री उदय भान :** स्पीकर साहब, अभी तो मैंने शुरुआत ही की है। अभी तो मुझे पांच मिनट ही बोलते हुए हुए हैं।

**Mr. Speaker :** Please try to wind up.

**श्री उदय भान :** अध्यक्ष महोदय, मेरा बहुत ही जरूरी प्वायंट है कि हमारे फरीदाबाद में आगरा कैनाल से सिंचाई होती है और यह सारा एरिया पूरी तरह से इसी नहर पर आश्रित है। इस नहर का पूरा कन्ट्रोल उत्तर प्रदेश की सरकार के पास है यानि उसका ही इस पर पूरी तरह से अधिकार है और उनके ही अधिकारियों का इस पर कन्ट्रोल है। हमारे तीन रजबाहे हैं जिनसे वहां पर सिंचाई होती है। ये तीन रजबाहे हैं हसनपुर, होडल और हथीन। हमारे इन तीनों रजबाहों की क्षमता 250–250 क्यूसिक्स की है। लेकिन पहले वहां पर महीने में 21 दिन पानी चलता था अब केवल 50–50 क्यूसिक

[श्री उदय भान]

पानी हमें मिलता है। टेल की तो बात ही छोड़ दें शुरू के 5-6 गांवों तक ही पानी पहुंचता है उससे आगे पानी नहीं जाता जिसकी वजह से हमारी पूरी फसल बर्बाद हो चुकी है। इसका मुख्य कारण यह है कि पानी के मामले में हमारे साथ भेदभाव किया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको यह बताने जा रहा हूं कि हमारे साथ किस प्रकार से भेदभाव किया जा रहा है। मानवता के आधार पर 200 क्यूसिक पीने का पानी हम दिल्ली को देते थे और उसके ऐवज में पैसे लेते थे। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के अनुसार दिल्ली का पानी 200 क्यूसिक से बढ़ा कर 800 क्यूसिक कर दिया गया। 400 क्यूसिक पानी दे रहे हैं हैदरपुर ट्रीटमैंट प्लांट पर और 400 क्यूसिक पानी वजीराबाद ट्रीटमैंट प्लांट पर हम दे रहे हैं। दिल्ली का पानी 200 क्यूसिक से बढ़ा 800 क्यूसिक कर दिया गया। यह हमारा 600 क्यूसिक पानी काट कर दिल्ली को दिया गया है। इस बढ़े हुए पानी के लिए हम ही क्यों प्रभावित हो रहे हैं। अगर यह बढ़ा हुआ पानी देना ही है तो हरियाणा के हिस्से से दिया जाना चाहिए न कि फरीदाबाद जिले के हिस्से से। दिल्ली को हमारा 600 क्यूसिक पानी भेज दिया गया जबकि हमारे किसान पानी के लिए बुरी तरह से त्राहि-त्राहि कर रहें हैं। अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मेरा यह निवेदन है कि सरकार को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। हमें जो पानी मिलता है उसके भी दो रेट्स हैं। यू०पी० के पानी के रेट्स अलग हैं और हरियाणा के रेट्स अलग हैं। हरियाणा की तरफ से कोई इन्सैंटिव आता है तो हमारे लोगों को वह नहीं मिलता। हमारी खालें तक पक्की नहीं हैं सभी कच्ची नहरें हैं। इस बारे में हम जब बात करते हैं तो जवाब मिलता है कि वह यू०पी० की है। हरियाणा सरकार की तरफ से हमारे किसान को कोई भी लाभ नहीं दिया जाता है। अध्यक्ष महोदय, इसी सदन में कहा गया है कि एस०वाई०एल० का पानी फरीदाबाद और गुड़गांव को भी दिया जाएगा। गुड़गांव कैनाल के जरिये और दिल्ली सब-ब्रांच खूबडू हेड से चलती है उसके जरिये पानी दिल्ली में आएगा पहले यमुना में गिरेगा फिर ओखला हैड से उसको गुड़गांव कैनाल में पानी देंगे। जो प्रपोजल है उसमें 1100 क्यूसिक पानी देने की बात कर रहे थे लेकिन दिल्ली सब-ब्रांच की कैपेसिटी 700 क्यूसिक है फिर उसमें 1100 क्यूसिक पानी कैसे दे देंगे। जब उसकी क्षमता बढ़ायी जायेगी, तभी उसमें और पानी आएगा। उसके बाद गुड़गांव कैनाल में पानी आएगा। गुड़गांव और फरीदाबाद जिले के किसानों को उस पानी की बहुत आवश्यकता है जबकि पिछली सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अध्यक्ष महोदय, मैं यह चाहूँगा कि सरकार इस तरफ ध्यान दे। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूँगा कि जो पानी हमें मिलता है वह पूरे का पूरा प्रदूषित पानी मिलता है। दिल्ली सब-ब्रांच का पानी नजफगढ़ नाले में गिरता है और वहां से आता है यमुना में और फिर वहां से पानी औखला हैड पर देते हैं और जो पानी हमें मिलता है वह पूरा प्रदूषित है। सीवर और इण्डस्ट्रीज का जो गन्दा पानी है वह हमें मिलता है और उस पानी से हमारी फसल की हालत बहुत ही बुरी है। चाहे वह सब्जी की फसल है या दूसरी फसल है। वह पानी सब के लिए नुकसानदायक है। वहां पर वाटर ट्रीटमैंट प्लांट भी लगाया जाए उससे फायदा हो सकता है। गुड़गांव कैनाल और आगरा कैनाल किठवाड़ी हैड पर है जहां दलाल साहब का गांव है वहां से तीनों रजबाहों में पानी डिस्ट्रीब्यूट होता है उस पर कोई ट्रीटमैंट प्लांट लगाया जाए तो हमें प्रदूषित पानी न मिले उसके लिए भी मैं आपसे अनुरोध करना चाहूँगा। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही मैं धन्यवाद करना चाहूँगा आदरणीय सुरजेवाला जी का जिन्होंने बिजली के बारे में चर्चा की, वे खुद भी बिजली मन्त्री रहे हैं। सरकार ने बहुत अच्छा सोचा है, हाईडल प्रोजैक्ट हिमाचल प्रदेश और उत्तरांचल प्रदेश के साथ लगाने की बात कर रहें हैं। अगर हाईडल प्रोजैक्ट बनेंगे तो उससे हमें सस्ती बिजली मिलेगी। मैं यहां पर जिक्र करना चाहूँगा कि बिजली की कमी की चर्चा हम यहां पर करते हैं। एन०टी०पी०सी० का हमारे फरीदाबाद के अन्दर

नीमका में प्लांट लग रहा है वह शुरू में 800 मेगावाट का मन्जूर हुआ था। एच०बी०जे० हजीरा (बीजापुर जगदीश पुर) लाईन से गैस ऐथोरिटी ऑफ इण्डिया की तरफ से जो गैस आ रही है उसमें पूरी गैस आ रही है। हमारे मन्त्री श्री जिन्दल जी बहुत ही तजुर्बेकार और बहुत ही सुलझे हुए उद्योगपति हैं। मैं उनकी सेवा में निवेदन करना चाहता हूँ कि जो गैस अलॉट हुई थी वह 800 मेगावाट के लिए हुई थी। गैस उसी हिसाब से जी०ए०आई०एल० की तरफ से आ रही है लेकिन बिजली का उत्पादन आधी कैपेसिटी में हो रहा है। वहां पर 400 मेगावाट का प्लांट इंस्टाल हुआ है और वहां पर 443 मेगावाट तक बिजली का उत्पादन हो रहा है और उसकी कैपेसिटी दुगुनी हो सकती है। ऐश्योरैंस कमेटी के साथ हम वहां पर गए थे। हमने वहां पर अधिकारियों के साथ मीटिंग भी ली थी और इन्होंने हमें इसके बारे में बताया था। हमने उनसे पूछा था कि आप लोग इसकी कैपेसिटी को दुगुना क्यों नहीं करते तो वे कहने लगे कि 800 मेगावाट की उत्पादन क्षमता तो हम कर सकते हैं लेकिन जो बिजली हम अब उत्पादित कर रहे हैं हरियाणा सरकार वह भी नहीं ले पा रही है। हमारी कैपेसिटी यूटिलाईजेशन 90% है और हमारी क्षमता 400 मैगावाट की है और 390 मैगावाट हम पैदा कर सकते हैं। लेकिन हरियाणा सरकार हमारे से केवल 260 मैगावाट बिजली लेती है। सिर्फ 60 प्रतिशत हमारी कैपेस्टी यूटिलाईजेशन उपभोग हो रही है। जबकि हम जो 30 प्रतिशत बिजली पैदा कर रहे हैं उसको ही हरियाणा सरकार नहीं ले पा रही है क्योंकि हरियाणा सरकार के पास उस के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है उसका मूलभूत ढांचा बिजली को खरीदने का नहीं है। स्पीकर सर, वह गैस बेस्ड प्लांट और उससे हमें बिजली 1.56 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से हरियाणा सरकार को मिलती है जबकि फरीदाबाद के थर्मल प्लांट से जो कि कोल बेस्ड प्लांट है और उससे 3.26 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली मिलती है। मेरा सरकार से निवेदन है कि इस बारे में सरकार द्वारा जांच करवाई जानी चाहिए कि हम उनकी 30 प्रतिशत बिजली को उपभोग नहीं कर पा रहे हैं, इसको गम्भीरता से लिया जाना चाहिए। हरियाणा सरकार को उनसे पूरी की पूरी बिजली खरीदने की व्यवस्था करनी चाहिए। इसके अलावा सरकार को उनकी बिजली प्रोडक्शन की कैपेसिटी को डबल करवाने की कोशिश करनी चाहिए और जो उनकी जरूरतें हैं, उनकी उन जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करें।

**Mr. Speaker :** Udai Bhan Ji, please wind up.

**श्री उदय भान :** सर, मेरी थोड़ी सी बात ही रह गई है। उसको खत्म करने दें। फिर मैं अपनी सीट पर बैठ जाऊंगा। (Interruptions)

**Mr. Speaker :** Other Hon'ble Members also have to speak. दूसरे भी अच्छा ही कहेंगे। Don't say कि वे गलत बात कहेंगे, वे भी कुछ बहुत अच्छी बात कहेंगे।

**श्री उदय भान :** स्पीकर सर, मैं एस०सीज० और बी०सीज० के बारे में कहना चाहता हूँ। इस बारे में सुरजेवाला जी ने भी विस्तार से कहा है, इसलिए आप मुझे थोड़ा सा समय और दें, मैं अपनी बात प्वायंट टू प्वायंट कहूँगा उसके लिए आपको मुझे बीच में बोलने की जरुरत नहीं पड़ेगी। स्पीकर सर, सरकार का यह बहुत ही बढ़िया फैसला है कि पेंशन 7 तारीख को दी जाएगी। लेकिन जो गरीब आदमी है, दलित हैं जो पैंशन के हकदार हैं उनको पेंशन नहीं लगी हुई है और जो दूसरे साधन सम्पन्न लोग हैं उनको पैंशन मिल रही है इसलिए मेरा सरकार से आपके माध्यम से निवेदन है कि इस बारे में दोबारा से सर्वे किया जाना चाहिए। इसके अलावा स्पीकर सर, मैं गुलाबी और पीले कार्ड्ज के बारे में भी कहना चाहूँगा। स्पीकर सर, गरीब एस० सीज० और बी० सीज० लोग हैं और उनका सबसे ज्यादा वोट

[श्री उदय भान]

बैंक है उनके पास कार्डज नहीं हैं। इस बारे में भी मेरा सरकार से निवेदन है कि दोबारा से सर्वे करके जरूरतमंदों को गुलाबी और पीले कार्डज उपलब्ध करवाए जाएं, स्पीकर सर, मुख्यमंत्री जी भी सदन में आ गए हैं, मैं इनसे आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि जो दलित भूमिहीन हैं, चाहे वे अर्बन एरिया में हों या रूरल एरिया में हों उनको कम से कम 100-100 गज के रिहायशी प्लाट दिए जाने चाहिए। अगर गांवों या शहरों में जहां पर जमीन उपलब्ध नहीं है तो सरकार को जमीन एक्वायर करके उन लोगों को प्लाट देने चाहिएं। इसके अलावा दलित बस्तियों में लोगों को टॉयलैटस जाने की बड़ी भारी समस्या है। जिनके पास खेत नहीं हैं, वे कहीं नहीं जा सकते हैं। उनको खुले में टॉयलैट जाना पड़ता है जिसकी वजह से उनको जिल्लत का सामना करना पड़ता है, इसलिए सरकार को इस बारे में व्यवस्था करनी चाहिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री जी से मैं यह कहना चाहूंगा कि 30 जनवरी 2002 को पार्लियामैंट में 85वां संविधान संशोधन लागू हुआ था। उस संशोधन को गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया ने सभी स्टेटस के चीफ सैक्रेटरीज को 6 महीने में लागू करने के लिए सर्कुलर भेज दिया था। वह 22 स्टेटस में लागू हो चुका है। स्पीकर सर, हमारे साथ लगती स्टेट्स राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में वह संशोधन लागू है लेकिन ओम प्रकाश चौटाला की सरकार ने हरियाणा में लागू नहीं किया क्योंकि वह दलित विरोधी सरकार थी। स्पीकर सर, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि उस 85 वें संविधान संशोधन को हरियाणा में लागू करें। मैं आपको धन्यवाद करूंगा कि आपने हमारा बैकलॉग पूरा करने के लिए कहा है। इसके अलावा पुलिस भर्ती में वूमैन टैस्ट में भी रिजर्वेशन की व्यवस्था की जाए।

**Mr. Speaker :** Please sit down. Number of members have to speak.

**श्री उदय भान :** सर, मैं खत्म ही कर रहा हूँ। रोस्टर प्रणाली को प्रदेश के अन्दर पूरी तरह से लागू किया जाए और पिछली सरकार के वक्त में जिन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था चाहे वे पुलिस में थे, चाहे वे कनफैड के हैं, चाहे एम०आई०टी०सी० के हैं या दूसरे डिपार्टमैंटस के हैं उनके बारे में सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाए और उन बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल किया जाए।

**Mr. Speaker :** I request Mr. Mahender Partap to speak. No one will get more than 10 minutes.

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह ( मेवला-महाराजपुर ) :** अध्यक्ष महोदय, महामहिम गवर्नर महोदय ने आज हाउस के समक्ष 11वीं विधान सभा का अपना पहला अभिभाषण दिया है।

**श्री एस०एस० सुरजेवाला :** स्पीकर साहब, उदयभान जी जो अभी बात कह रहे थे तो मैं उनको बताना चाहूंगा कि फरीदाबाद की समस्या यह है कि वहां की आगरा कैनाल का कंट्रोल और वाटर वर्क्स का कंट्रोल यू०पी० के पास है इसलिए वहां यह प्राब्लम है। अगर यह कंट्रोल हरियाणा के पास आ जाए तो उसके बाद ही कुछ हो सकता है नहीं तो इसका कुछ नहीं हो सकता है। अध्यक्ष महोदय, आपको तो इस बारे में सारा मालूम ही है।

**श्री अध्यक्ष :** हाँ मुझे मालूम है।

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** अध्यक्ष महोदय, 11वीं विधान सभा जनता द्वारा चुनकर बनायी गयी है। महामहिम गवर्नर ने यहां पर आकर अपना अभिभाषण देने की कृपा की है। माननीय सुरजेवाला जी

ने उसका धन्यवाद प्रस्ताव हाउस में रखा है। मैं इसके विषय में मोटी बातें ही कहना चाहूँगा ज्यादा तलने वाली बात नहीं कहूँगा। **( इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए )** उपाध्यक्ष महोदय, राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की पोलिसी, नीति का दर्पण होता है। वह यह दर्शाता है कि सरकार भविष्य में इस प्रदेश के लिए क्या करने जा रही है। यह समीक्षा हर वर्ष होती है कि सरकार ने प्रदेश के लिए क्या-क्या किया है। उपाध्यक्ष महोदय, हर क्षेत्र में इसमें चर्चा हुई है। सर्वप्रथम तो मैं सरकार की उस मंशा का विशेषकर मुख्यमंत्री जी का, उनकी सरकार का जिक्र करना चाहता हूँ क्योंकि उनका शुरू से ही यह सिद्धान्त रहा है कि वे हरियाणा को भयमुक्त, अपराधमुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देंगे और जितनी भी अनियमितताएं पिछली सरकार ने की हैं, गलतियां की हैं उनको हम तुरन्त दूर करेंगे। उपाध्यक्ष महोदय, उसी परिपेक्ष्य में सरकार ने जो एक फैसला लिया यूनिवर्सिटी के कालेजिज की एफिलिएशन का मैं समझता हूँ कि वह सही था। चौधरी देवीलाल जी के नाम से एक यूनिवर्सिटी बनायी गयी। यूनिवर्सिटी बनाना कोई गलत काम नहीं है लेकिन उसका सदुपयोग कहां तक हो रहा है और क्या उससे जनता को सहूलियत ठीक ढंग से हो रही है यह देखने की बात है। इसका समन्वय ठीक है या नहीं उसको भी देखना चाहिए इसलिए उन्होंने उस यूनिवर्सिटी के कालेजिज की एफिलिएशन को आवश्यकता के अनुसार तुरन्त खत्म किया है जोकि स्वागत योग्य है। लेकिन इसके साथ ही मैं यहां पर एक अनुरोध भी करना चाहूँगा। जैसे रोहतक यूनिवर्सिटी है, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी है इसी तरह से दिल्ली में यूनिवर्सिटी के अलग-अलग एरियाज में सहूलियत के मुताबिक कैम्पस बनाये हुए हैं तो अगर रोहतक यूनिवर्सिटी का कैम्पस फरीदाबाद या गुड़गांव में बना दिया जाए तो यह एक अच्छी बात होगी। ये एरियाज हरियाणा के दक्षिण तक मिले हुए हैं वहां इसकी आवश्यकता है अगर ऐसा हो जाएगा तो मैं समझता हूँ कि इससे काम भी बंटेगा और वहां के लोगों को सहूलियत भी होगी। एक ऐजुकेशन सिस्टम के लिए रोजाना आना-जाना परेशानी वाला काम होता है इसलिए अगर फरीदाबाद या गुड़गांव में कहीं पर भी रोहतक यूनिवर्सिटी का कैम्पस बना दिया जाए तो बहुत अच्छा होगा। उपाध्यक्ष महोदय, मैं फरीदाबाद के लिए इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि फरीदाबाद एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, बहुत बड़ी आबादी का क्षेत्र है इसलिए वहां पर एक कैम्पस अगर बनाया जाए तो मैं समझता हूँ कि यह ज्यादा उचित होगा। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूँगा कि सरकार द्वारा जो स्टॉफ सिलैक्शन कमीशन को खत्म किया गया है। मैं समझता हूँ कि यह एक न्याय किया है उसमें ऐसे लोग जो एक राजनीति या व्यक्तिगत आधार पर अपने स्वार्थ को साधने के लिए शामिल किए गए। जैसा सुरजेवाला जी ने कहा कि हमारे पास प्रतिभा है इसमें कोई दो राय नहीं उस प्रतिभा और निष्पक्षता के आधार पर यह सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री जी जो ऐलान बहुत समय पहले कर चुके हैं कि हमने एक भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन देना है उसकी दिशा में यह एक बहुत ही अच्छा कदम होगा। उस प्रतिभा के आधार पर निष्पक्षता के आधार पर अच्छे टैलेन्टिड व्यक्तियों को इसमें शामिल किया जाएगा। मैं समझता हूँ कि हरियाणा के साथ यह एक अच्छा न्याय होगा। उपाध्यक्ष महोदय, कृषि और इंडस्ट्री किसी भी प्रदेश और देश की धुरी होते हैं। प्रदेश और देश का विकास इन दो चीजों पर निर्भर करता है। कृषि के क्षेत्र में हरियाणा ने बहुत तरक्की की है इसमें कोई दो राय नहीं है। पंजाब के बाद अगर नाम आता है तो हरियाणा का आता है। पंजाब और हरियाणा दोनों सरप्लस स्टेट हैं हम देश को भी देते हैं और देश के माध्यम से दुनिया को भी देते हैं लेकिन दक्षिणी हरियाणा जिसमें कैप्टन साहब का एरिया, महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी और फरीदाबाद एरिया ऐसे हैं जिन्हें रिमोट ही माना जाए तो गलत नहीं है। यहां पानी खारा है और नहरी पानी टेल तक भी नहीं जाता। एस०वाई०एल का जिक्र किया गया है कि बहुत जल्द ही इस काम को पूरा कराएंगे। उपाध्यक्ष महोदय, एस०वाई०एल एक बहुत भारी समस्या है और दोनों प्रदेशों के लिए एक जीवन मरण का

[श्री महेन्द्र प्रताप सिंह]

मामला बना हुआ है लेकिन हम तो न्याय ही मांग रहे हैं पंजाब बड़ा भाई है लेकिन एक भाई की हद बहुत समय पहले तय हुई तो यह कोई न्याय नहीं है। पंजाब को भाईचारे की दृष्टि से सोचना होगा। यह मामला इच्छा शक्ति की कमी की वजह से आज तक लम्बित होता आया है। आज फिर समय है सरकारें आती जाती रहेंगी। राजनीति की वजह से अगर प्रदेश की जनता तकलीफ पाए तो मैं समझता हूँ कि यह राजनीति की महानता नहीं है। मुख्यमंत्री जी से मुझे बहुत सी उम्मीदें हैं। यह ठीक है कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है फिर भी इसको केन्द्र से दबाव डालकर कराया जाए तो यह हरियाणा के अत्यंत हित में होगा और एस०वाई०एल० का पानी चाहे हम तक न पहुंचे लेकिन एस०वाई०एल० का पानी आ जाने से दूसरा जो पानी फालतू होगा वह हम तक पहुंचेगा और महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी, फरीदाबाद और गुड़गांव व मेवात का क्षेत्र जो सूखा पड़ा है वह एरिया सोना उगलेगा और हरियाणा एक दिन सरप्लस स्टेट में पहले नम्बर का प्रदेश होगा। मेरी आपसे प्रार्थना है कि हम इसको बहुत जल्द पूरा करें। एक बात और कहना चाहूँगा जिसका जिक्र अभी मेरे साथी एम०एल०ए० ने किया है कि बागवानी और फलों की खेती हम कर रहें हैं लेकिन अनाज भण्डारण की क्षमता की आज भी हमारे पास कमी है। एफ०सी०आई० व अन्य Agencies के माध्यम से हम भण्डारण करते हैं उनके पास भी भण्डारण क्षमता की कमी है। हमारी पैदावार निरन्तर बढ़ रही है और अनाज भण्डारण के लिए हम प्लींथ किराये पर लेते हैं और प्राइवेट लोगों के माध्यम से भी किराये पर लेते हैं। बरसात के महीने में भी अनाज खुले में पड़ा हुआ है। मैंने बहुत जगहों पर देखा है कि लाखों टन अनाज खराब हो जाता है इसके लिए आप व्यवस्था करें जिससे अनाज को सुरक्षित रखें यह बहुत जरूरी है। प्राइवेट लोगों को हम दें ठीक है यह अलग बात है लेकिन उन से उस भण्डारण के लिए शैड बनवायें, खुले में यह व्यवस्था करना गलत है इससे नुकसान हो रहा है। बरसात में खुले में पड़े रहने से अनाज की क्वालिटी खराब होती है और क्वालिटी का असर पंजाब और हरियाणा की जो तुलनात्मक क्वालिटी है उसमें फरक आता है जिससे दिक्कत आती है क्योंकि जब बाहर अनाज भेजते हैं तो केन्द्र सरकार को भी इस बारे में काफी दिक्कतें आई हैं इसके लिए हमें भण्डारण क्षमता को बढ़ाना चाहिए। जहां तक पानी का प्रश्न है जैसा कि सुरजेवाला जी ने मेवात का जिक्र किया कि वहां पानी आयेगा वहां का पानी खारा है, कड़वा है, इस बात को देखते हुए लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से हमें व्यवस्था करनी होगी। लिफ्ट इरीगेशन से इतनी लम्बी दूरी पर पानी ले जाना इस व्यवस्था से जहां तक मैं समझता हूँ ठीक नहीं होगा। जहां तक इण्डस्ट्री की बात है निःसन्देह हरियाणा में औद्योगिक क्रान्ति भी हुई है। फरीदाबाद राज्य का औद्योगिक केन्द्र रहा है लेकिन आज इण्डस्ट्रीज का ज्यादातर प्लायन भी हुआ है। जहां तक मैं समझता हूँ उसके जो मुख्य कारण हैं वे यह हैं कि फरीदाबाद में जो बदरपुर का फलाई ओवर है वहां के आवागमन की स्थिति यह है कि फरीदाबाद से दिल्ली जाने के लिए एक व्यक्ति को डेढ़ घण्टा लग जाता है और अगर कहीं ट्रैफिक जाम लग जाए तो दो घण्टे लग जाते हैं। इसके बाद डिवलपमैंट अवरूद्ध हुआ उसकी वजह से पांच साल से निरन्तर यह बात चल रही है कि पुल पास हो गया है और पुल जल्द ही बन जाएगा कहां किस स्थिति में है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करना चाहूँगा कि उस मामले को प्राथमिकता के आधार पर लें जिससे फरीदाबाद स्थित इण्डस्ट्रीज के साथ जिनका सीधा संबंध हरियाणा से है उससे बहुत बड़ा मुफाद होगा क्योंकि फरीदाबाद की डिवलपमैंट आज बिल्कुल अवरूद्ध हो गई है वह पूरी की जा सके। निगम के विषय में थोड़ा सा जिक्र करना चाहूँगा। फरीदाबाद निगम सैन्ट्रल एक्ट के आधार पर पहला निगम बनाया गया था और फरीदाबाद निगम पर लोगों की बहुत उम्मीदें थीं। 1991–1996 तक के समय में जब निगम बना नहीं

था उस समय इसके लिए बहुत काम भी हुए थे। लेकिन आज निगम की हालत यह हो गई है कि चुंगी खत्म हो गई है। चुंगी के बारे में मुझे एग्जैक्ट फिगर याद नहीं है उस समय शायद चुंगी से 28-30 करोड़ रुपये मिलते थे। चुंगी खत्म होने के बाद निगम की आर्थिक हालत बिल्कुल खराब हो गई है। यहां तक की तनख्वाहों के लिए भी निगम के पास कई बार पैसे नहीं होते। इसलिए मैं मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना करूंगा की जो पिछली सरकार के समय में मेरे ख्याल से जितना बुरा समय फरीदाबाद ने देखा है वैसे तो देखा तो हरियाणा ने भी है शायद वैसा समय कभी नहीं रहा। इसलिए पिछली सरकार की कमियां और कारगुजारियां अगर अच्छी रही होती तो शायद प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को इतना बड़ा प्रचण्ड बहुमत नहीं दिया होता। तो पिछली सरकार वैसे ही निकम्मी ही कही जायेगी। हर क्षेत्र में वह सरकार निकम्मी रही है। फरीदाबाद पर उसका बहुत ज्यादा नजला पड़ा है। आज फरीदाबाद शहर और देहात की हालत यह है कि निगम की सड़कें चाहे वह सैक्टर हों चाहे टाउन हों बहुत बदतर हालत में हैं। देहात की कुछ गलियां ठीक हो सकती हैं लेकिन शहर तो देहात से भी बदतर हो गये हैं। इसकी एवज में एरिया डिवलैपमैंट टैक्स लगाया उसका पैसा निगम को मिलना चाहिए था लेकिन निगम को पैसा नहीं मिला। इसकी तरफ ध्यान देना होगा जो एरिया डिवलैपमैंट टैक्स का पैसा है वह समुचा निगम को मिले। अगर निगम की आर्थिक हालत की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता तो निगम को खत्म कर देना आवश्यक होगा मगर निगम को हम खत्म नहीं कर सकते, चूंकि यह एक सैंट्रल एक्ट है इसलिए इसकी ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। माईंस इण्डस्ट्रीज का पार्ट है, अरोड़ा जी और मुख्यमंत्री महोदय जी बैठे हैं। फरीदाबाद से जितना रैवेन्यू सरकार को मिलता है चाहे इण्डस्ट्रीज के माध्यम से और चाहे माईन्स के माध्यम से अगर इसमें से आधा पैसा भी हमें हर साल मिल जाए तो मैं समझता हूँ कि वहां की पूरी डिवैल्पमैंट हो सकती है। वहां एक महीने से स्थिति यह है कि वहां स्ट्राइक है, पहले तो सुप्रीम कोर्ट ने ही वहां पहाड़ों को बन्द कर दिया था, खैर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना तो कोई भी सरकार नहीं कर सकती लेकिन जो थोड़ा बहुत एरिया बाकी है वहां एक महीने से स्ट्राइक चल रही है, इस बारे में शायद मुख्यमंत्री महोदय जी को पता होगा, क्रशर्ज की, खानदारों की और ट्रक ओनर्ज की स्ट्राइक चल रही है। आज हालत यह है कि आज कंज्यूमर्ज को रोड़ी और बजरी तकरीबन चाहे वह एरिये की हो या बाहर की हो 8 से 10 हजार रुपये प्रति ट्रक मिल रही है इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। हमारे माइंज रूल्ज के मुताबिक यह लीज होल्डर्ज के बीच का मामला है। मुख्यमंत्री महोदय ने जनता को आश्वासन दिया है कि पिछली सरकार में गुंडा टैक्स के नाम पर जो नंगा नाच हुआ है उसको यह सरकार तुरन्त खत्म करेगी और लोगों ने इसके लिए सरकार का स्वागत किया है और प्रशंसा की है। लोगों को उम्मीद थी कि इस ओर तुरन्त ध्यान दिया जाएगा। अरोड़ा जी बैठे हैं, रोयल्टी के नाम पर, रोयल्टी जो पहले 120 रुपये होती थी, वह 1500 रुपये हो गई है। एक ट्रक पत्थर 3000 रुपये में पड़ रहा है। सारा सिस्टम ही बिगड़ रहा है। लोग भूखे मर रहे हैं इसकी ओर तुरन्त ध्यान देने की जरूरत है। सरकार बनने से पहले जो रेट थे, सरकार बनते ही रेट और बढ़ गए इसलिए लोगों ने वहां स्ट्राइक की है। लोग भूखे मर रहे हैं, इसके लिए तुरन्त जो स्थिति इलैक्शन से पहले थी वही कायम की जाए और परमानैंट सिलैक्शन के लिए एक कमेटी बना दी जाए पुरानी कमेटी को रैस्टोर किया जाए। उपभोक्ताओं, क्रशर्ज, खानदारों और ट्रक आनर्ज सबके हितों को बराबर ध्यान में रखते हुए इसके लिए पोलिसी बनाई जाए। मुझे पता चला है नियमों के मुताबिक ऐसा है कि 20 या 25 परसैंट हम गवर्नमैंट को टैक्स दे रहे हैं, इससे फालतू टैक्स हम लीज होल्डर्ज को नहीं दे सकते, इसको एग्जामिन कराया जा सकता है। दूसरी सबसे बड़ी निगम की समस्या झुग्गी-झोपड़ियों की है जिसका मैं जिक्र करूंगा, वहां स्लम बना हुआ है। 1991 में एक बापू योजना बनी, उस योजना के तहत उस

[श्री महेन्द्र प्रताप सिंह]
एरियाज के लोगों को कहीं अलग-अलग एरियाज में बल्लभगढ़ को बल्लभगढ़, फरीदाबाद को फ़रीदाबाद में और मेवला महाराजपुर को मेवला महाराजपुर एरियाज में वन रूम सैट डी०डी०ए० की तर्ज पर बनाकर अलॉट करके उनको दिए जाने थे जिससे एक तो कीमती जमीन वहां से खाली होती और दूसरी तरफ शहर को अच्छा, स्वच्छ बनाने का काम भी होता। इसलिए उस स्कीम को लागू करके जे०जे० कालोनीज की समस्या का हल किया जाए ऐसा मेरा मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध है।

**Mr. Dy. Speaker :** Please take your seat.

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** सर, मैं 5 मिन्ट का समय और लूंगा, हैल्थ सर्वसिज का अभिभाषण में जिक्र हुआ है, निःसंदेह हरियाणा में होस्पिटल्ज और मैडीकल सैंटर्ज का जाल बिछा हुआ है, लेकिन आज होस्पिटल्ज की हालत यह है कि वहां दवाईयां पूरी नहीं हैं, बिल्डिंग्ज की हालत ठीक नहीं है, आम साधारण व्यक्ति जो गरीब है वह मजबूरी में ही वहां जाना पसंद करता है, लोग प्राईवेट नर्सिंग होम्ज में ही जाना ज्यादा पसंद करते हैं, हमें इसकी तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। रोहतक में मैडीकल कॉलेज बहुत पुराना है लेकिन हमारे फरीदाबाद में नहीं है। फरीदाबाद इण्डस्ट्रियल सीटी है और स्टेट को बहुत अधिक रैवेन्यू देता है वहां पर भी मैडीकल कॉलेज की स्थापना करना बहुत आवश्यक है। इस तरफ सरकार ध्यान दे। उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं नेशनल कैपीटल रीजन की पोलीसी के बारे में जिक्र करना चाहूँगा कि इस पोलीसी का जितना फायदा गुड़गांव-फरीदाबाद और इन एरियाज को मिलना चाहिए था वह नहीं मिला, चाहे पिछले 9 साल तक जो सरकारें रही उनकी कमी के कारण या जन प्रतिनिधियों की कमी के कारण। इन एरियाज को पूरा फायदा नहीं मिल पाया। इस तरफ मौजूदा सरकार को ध्यान देना चाहिए कि किस तरह से फरीदाबाद और गुड़गांव को दिल्ली की तर्ज पर डिवैल्प किया जाये। उपाध्यक्ष महोदय, अंत में मैं नगर पालिकाओं के विषय में जिक्र करूंगा कि पिछली सरकार ने बहुत सी नगरपालिकाओं को भंग करके पंचायतें बना दी थी और आज उन पंचायतों की स्थिति बदत्तर हो गई है इसलिए उनको दोबारा से नगरपालिका बनाया जाये ताकि उनका जो डिवैल्पमैंट अवरुद्ध हुआ है वह हो सके। उपाध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के समय में किसानों की स्थिति भी बहुत दयनीय रही है। वैसे तो किसानों को इस देश का निर्माता कहा जाता है और उन्हें देश का निर्माता कहकर खुश कर दिया जाता है। आज किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। केन्द्र सरकार ने जो भाव किसानों की फसल का तय किया है उस पर हरियाणा सरकार इनसैंटिव दे इस ओर भी ध्यान देना चाहिए ताकि किसान अपनी जरूरतें पूरी कर सकें। इसके अतिरिक्त नाबार्ड से हमारे बैंक जो लोन लेकर आगे किसानों को देते हैं उस लोन पर किसानों से ब्याज उतना ही लेना चाहिए जितना हमारे बैंकों से नाबार्ड वाले लेते हैं। अंत में मैं इस अभिभाषण का समर्थन करते हुए सरकार से यह आशा करता हूँ कि आने वाला बजट प्रदेश के लिए एक अहम और विकास करने वाला बजट होगा तभी हम इस प्रदेश की जनता के साथ न्याय कर सकेंगे। उपाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री ए.सी. चौधरी ( फरीदाबाद ) :** उपाध्यक्ष महोदय, आदरणीय शमशेर सिंह सुरजेवाला जी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव रखा है उस पर अहम् वक्तव्य करते हुए मैं आपके समक्ष उस प्रस्ताव से अपने आपको जोड़ते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि जिस प्रकार सरकार ने बहुत ही अल्प समय में ऐसे निर्णय लिये हैं जो पिछली सरकार द्वारा तानाशाही की हदें पार हो गई थी उन्हें दूर करके लोगों को इन्साफ दिया और उन्हें राहत दी।

मौजूदा सरकार ने थोड़े से समय में जो अहम् निर्णय अच्छे अधिकारियों की नियुक्तियां करके लिये हैं उनकी पूरे प्रदेश में सराहना होगी। जन प्रतिनिधि होने के नाते मैं अपने इल्के की तरफ से सरकार को बधाई देता हूँ कि सरकार ने ऐसे ठोस कदम उठाये हैं जिनका जिक्र सुरजेवाला जी ने विस्तार से अभी थोड़ी देर पहले किया था। सरकार ने इस अभिभाषण द्वारा जनता को आश्वस्त किया है कि वह ला एंड ऑर्डर को पूरे तरीके से दुरुस्त करेगी और भय मुक्त वातावरण समाज को देगी। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूँगा कि यह वातावरण का वायदा अपने आप में बहुत अच्छा है लेकिन मैं स्वयं भयभीत हूँ कि जिस प्रकार से पिछली सरकार ने कानून का जनाजा निकाल करके गैर कानूनी कार्य किये और लोगों की उपेक्षा करते हुए उन पर डण्डे से शासन किया उस हालत में आज भय मुक्त हरियाणा बनाना वरदान से कम नहीं होगा। मैं प्रभु से प्रार्थना करूंगा कि सरकार को प्रभु शक्ति दे कि वह जल्दी भयमुक्त शासन जनता को दे सके। उपाध्यक्ष महोदय, किसान अपने आप में बहुत बेबस है। एक तरफ तो उसे अपनी उपज का कुछ मिल नहीं पाता और दूसरी तरफ उसकी फसल का जो मूल्य है, उसकी जिन्दगी के जीवन का आधार बनता है या तो वह शॉर्ट सर्किट की वजह से जल जाएगा या तूफान से उड़ जाएगा या फिर बारिश उसे भिगो करके किसानों को सड़क पर खड़ा कर देती है। पिछली सरकार ने हमारे किसानों को आतंकित किया था कि वह अपने खेत में से अपनी ट्राली भरकर मिट्टी निकाल कर लाये और वह शहरों में आकर के लो लाईन की फीलिंग के लिए डालें। इस पर भी उस सरकार ने 60 रुपये फी ट्राली टैक्स लगाया। किसानों को उस 60 रुपये की रसीद भी नहीं मिलती थी। इसी तरह से बहुत पैसा तो गुण्डा टैक्स कह कर दोनों हाथों से लोगों को लूटा गया। उस वक्त की सरकार का कहर लोगों पर बराबर टूटता था और इसी कहर के कारण बहुत से लोगों के मकान टूटे और बहुत से लोगों को जेलों में डाला गया। उस वक्त का एक बहुत बड़ा भयानक सपना हमारे सामने है। भगवान करे इसकी पुनरावर्ती कभी न हो। मैं सरकार को बताना चाहूँगा कि उस वक्त के जो गलत वसूल थे वे आज भी कर्मचारियों में पूरी तरह से पनप रहे हैं। पुलिस के कर्मचारी ट्रैफिक कन्ट्रोल के लिए भले ही वे खड़े हों लेकिन उनकी ट्रैफिक को सुचारू कराने की मंशा नहीं होगी बल्कि लोगों के लाईसेंस और बाकी पेपर चैक करने की आड़ में उनको लूटना अपनी आदत बनाए बैठे हैं, इसलिए सरकार को इस दिशा में चिन्तन करने की बहुत जरूरत है। आज ट्रैफिक दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। आज आटो मोबाइल तरक्की के साथ रोडज पर इतना कन्जैक्शन हो गया कि इस डिपार्टमेंट को पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त करने की जरूरत है। पिछली सरकार ने जिस तरह से समाज पर कहर तोड़ा है उसके लिए एक शब्दावली आ गई थी कि—पीला पंजा जगह-जगह बिल्डोजर और जे०सी०बी०। किसी भी शहर में जा करके झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले लोगों को इतना आतंकित किया कि लोग सोते वक्त भी आँखें खुली रखने पर विवश थे कि न जाने कब किस का आघात हो और किस का परिवार लुट जाए और डूब जाए। ऐसी एक चिन्ता पिछली सरकार में व्याप्त रही थी। मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि उस सरकार के समय जहां आम जनता दुःखी थी वहां अभी भी वही आतंक लोगों के दिलो दीमाग से निकाले जाने की जरूरत है। मैं आपको बताना चाहूँगा कि इस सरकार के बनने से पहले फरीदाबाद के डिलाईट होटल के अन्दर पंजाब केसरी अखबार के दफ्तर के अन्दर रात को गुण्डे आये और उन्होंने सारा दफ्तर तोड़ दिया लेकिन आज तक उसकी कोई बरामदगी नहीं हो पाई और न ही उन्हें पकड़ पाये हैं। उपाध्यक्ष महोदय, गवर्नर एड्रैस में बहुत स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो नुमाइन्दे चुन करके आए हैं और जो वायदे करके आए हैं उनके बारे में लोगों को बहुत सी अपेक्षाएं हमारी सरकार से हैं। मैं मुख्यमंत्री जी को याद करा दूं कि हम लोगों ने प्रायः सारे प्रान्त में और खासतौर से अर्बन एरियाज में जो हाउस टैक्स 10 गुणा से 30 गुणा कर दिया था, उसके बारे में हमने वायदा किया था कि कांग्रेस

[श्री ए०सी० चौधरी]
सरकार बन गई तो हम वह टैक्स पुरानी दर पर ले आएंगे। इसके साथ ही जहां पर पहले 1 रुपया 60 पैसे पर यूनिट बिजली के सरकार लेती थी वहीं पिछली सरकार द्वारा 5 रुपये 50 पैसे पर यूनिट पैसे लिए जाने लगे हैं। आज के दिन हिन्दुस्तान में सबसे महंगी बिजली हरियाणा में है और वह भी लोगों को मिल नहीं रही। जो रेट्स बढ़े हुए हैं उनकी वापसी का भी सरकार का दायित्व बनता है। अब मैं पानी के बारे में बात करना चाहूँगा। पानी आम आदमी के लिए जरूरी है। पहले यहां पर पीने के पानी के 18 रुपये महीना लिए जाते थे। लेकिन पिछली सरकार ने बढ़ा कर 370 रुपये महीना कर दिया था लेकिन फिर भी लोग गन्दा पानी पीने पर विवश हैं। यह पानी भी प्राईवेट टैंकों द्वारा सप्लाई किया जाता है। यह गन्दा पानी पीना ही लोगों की बीमारी का मूल कारण बना हुआ है। मैं आपसे बताना चाहूंगा कि पिछली सरकार ने गरीब की गरीबी का बहुत मजाक उड़ाया है। पिछली सरकार ओल्ड ऐज पैंशन उन लोगों को दे गई जो क्वालीफाई नहीं करते थे। बिलो पावर्टी लाईन की जो भी सुविधा राशन कार्ड के पीले या लाल कार्ड की थी वह भी अपने-अपने आदमियों को दे गए यानि जिसको जरूरत थी उनको नहीं दिए गए और जो हकदार नहीं थे उनको दे दे गए। आज भी लोग गली-गली में इन फार्मों के लिए भाग रहे हैं लेकिन लोगों को फार्म नहीं मिल रहे हैं। मेरा निवेदन है कि इस पॉलिसी को फौरन स्क्रैप करके नए सिरे से इसको लागू किया जाये ताकि सरकार की जनहित की जो पॉलिसी है उसका गरीब लोग फायदा उठा सकें। (घण्टी)

**श्री उपाध्यक्ष :** चौधरी साहब, आप अपनी बात को समाप्त कर अपना स्थान ग्रहण करें। (विघ्न)

**श्री ए०सी०चौधरी :** उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बोलते हुए अभी तो केवल अढ़ाई मिनट ही हुए हैं जबकि मुझे बोलने के लिए 15 मिनट का समय चाहिए था।

**श्री उपाध्यक्ष :** आपको बोलते हुए काफी समय हो गया है इसलिए प्लीज आप बैठें।

**श्री ए०सी०चौधरी :** उपाध्यक्ष महोदय, मुझे वाईंड अप करने के लिए आप पांच मिनट का समय दे दें ताकि मैं वाईंड अप कर सकूं। मैं अपनी बात तेजी से कह दूंगा। उपाध्यक्ष महोदय, अभी तो मैंने बोलना शुरू ही किया था मुझे बोलने के लिए तो 15 मिनट का समय थोड़ा है। मैं घड़ी देख कर बोलूंगा और एक सैकण्ड भी फालतू समय नहीं लूंगा। जो टाईम आपने मुझे अलॉट किया है मैं अपनी बात उसी टाईम में ही समाप्त कर दूंगा। उपाध्यक्ष महोदय, हम लोग कहते हैं कि देश में औद्योगिक क्रान्ति है। इस औद्योगिक क्रान्ति में सरकार की पॉलिसीज और साईंस की एडवान्समैंट का बहुत बड़ा योगदान रहा है लेकिन हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि उस क्रान्ति में उस गरीब कामगार का खून-पसीना शामिल है जो वह उसमें लगाता है खुद आधा पेट खा कर और गन्दे नालों के किनारे गन्दगी के ढेरों के पीछे साये में जहां पर आम आदमी शौच करना भी पसन्द नहीं करेगा वहां पर वह गरीब रहने को विवश है। हमनेउनके लिए बापू विहार योजना बनाई थी जिसके तहत 11,000 मकान बनाये जाने थे। उसके लिए जमीन भी आबंटित कर दी गई थी और लोन भी मन्जूर करवा लिया गया था लेकिन पिछली दोनों सरकारोंने बर्बादी की और वह स्कीम आज तक कार्यन्वित नहीं हो सकी थी जब कि उसके लिए हुडको से लोन भी मन्जूर हो चुका था। मेरा आग्रह है कि गरीबों का मान रखते हुए और आने वाली नसलों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन लोगों को भी वहां सुविधाएं उपलब्ध हों जो हर भारतवासी का अधिकार है। उपाध्यक्ष महोदय, बिजली एक बहुत बड़ा एसैंशियल इन्ग्रैडिऐन्ट है। फरीदाबाद हिन्दुस्तान में औद्योगिक क्षेत्र में छटे नम्बर पर और दुनियां के 10वें नम्बर पर है लेकिन

आज वहां से उद्योग पलायन कर चुके हैं। 65 फीसदी उद्योग या तो बिजली की कमी के कारण या पिछली सरकार की लूट की पॉलिसी के कारण जिसमें रात-दिन लोगों की गर्दन पर अंगूठा रख कर पैसा वसूलने के कारण वहां से जा चुके हैं। आज जरूरत है कि उद्योगों को बहाल किया जाए उन्हें राज्य में वापिस लाया जाए। उन उद्योगों को वापिस लाना शायद आम सरकार के लिए सम्भव न हो लेकिन जितने बैनिफिट्स हम उद्योगों को देते हैं अगर उन बैनिफिट्स की वापिसी की बात करेंगे तो मेरा विश्वास है कि वे उद्योग वापिस यहां पर आएंगे और तभी हमारी अन-इम्पलॉयमैंट की समस्या हल होगी। उपाध्यक्ष महोदय, हमें यह बात भुलानी नहीं चाहिए कि आज क्रिमिनल केसिज में जितने भी लड़के पकड़े जा रहे हैं ज्यादातर ऐसे नौजवान पढ़े-लिखे वे बच्चे हैं जो बेरोजगार हैं और सुबह अपने घर से रोटी लेकर रोजगार की तलाश में निकलते हैं और जब उन्हें कोई रोजगार या काम नहीं मिलता तो अन्ततः वे इन गलत कामों में फंस जाते हैं। वे नौजवान माफिया के लोगों के हत्थे चढ़ कर बर्बाद हो रहे हैं। उपाध्यक्ष महोदय, शहरों में कमेटियों की इन्कम का माकूल इंतजाम नहीं है चुंगी को ले कर बहुत बड़ी गलत पॉलिसी एडॉप्ट की गई और कमेटियों की चुंगियां बन्द कर दी गई। चुंगी बन्द होने से कमेटियों की कैश इन्कम बन्द हो गई और आज शहरों में कीड़े रेंग रहे हैं। जरूरत इस बात की है जिस प्रकार से पंजाब ने इस गलती को सुधारा है उसी प्रकार से यहां पर भी चुंगी बहाल कर दी जाए ताकि शहरों की दशा अपनी आय के साधनों से सुधर सके। उपाध्यक्ष महोदय, कोई भी सरकार जब कोई टैक्स बन्द करती है या टैक्स खत्म करती है उसका आल्टरनेटिव देती है और वे आल्टरनेट उस नुक्सान की भरपाई के लिए होते हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि लोकल ऐरिया डिवैल्पमैंट टैक्स उसकी भरपाई के रूप में लगाया गया लेकिन आज तक फरीदाबाद को एक भी पैसा नहीं दिया गया है जबकि उसके लिए 400 करोड़ रुपये हरियाणा सरकार के पास सुरक्षित फण्ड अमानत के रूप में पड़ा हुआ है। मैं आदरणीय फाईनैंस मिनिस्टर से कहूंगा कि उसको ओपन करके पूरे तरीके से हमारी कारपोरेशन को दिया जाए। इसी प्रकार से मैं यह कहना चाहूँगा कि पानी का लैवल बहुत नीचे चला गया है। (विघ्न)

**श्री उपाध्यक्ष :** चौधरी साहब, अब आप अपनी सीट पर बैठें।

**श्री ए०सी० चौधरी :** उपाध्यक्ष महोदय, मुझे चन्द लफ़्ज़ तो कह लेने दीजिए। आज पहला दिन है उसमें मैंने अपने आधे प्वायंट्स काट दिये हैं। मैं मुख्यमन्त्री जी को अपनी भावना से अवगत करवाते हुए नोट दे दूंगा लेकिन इसके साथ ही मैं आपसे एक ही विनती करूंगा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने 1994 में एक नया एक्ट दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि सरकार अगर एक रुपया भेजती है तो लोकल बॉडीज और पंचायतों के पास 15 पैसे पहुंचते हैं। **(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)** अध्यक्ष महोदय, लोकल ऐरिया डिवैल्पमैंट टैक्स चुंगी की भरपाई के लिए लगाया गया था उस में से 15 पैसे तो क्या एक पैसा भी फरीदाबाद को नहीं मिल रहा है जिसकी वजह से शहर की सड़कें खड्डों के रूप में परिवर्तित हो चुकी हैं, लोगों के पास पीने के लिए पानी नहीं है।

**श्री अध्यक्ष :** चौधरी साहब, thank you very much, please अब आप अपनी सीट पर बैठें।

**श्री ए०सी० चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे बोलने का आधा समय दिया और मैं यह उम्मीद करता हूँ कि इसकी भरपाई आप अगली बार कर देंगे। आपने मुझे बोलने के लिए जो समय दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

**श्री निर्मल सिंह (नग्गल) :** स्पीकर सर, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ। सबसे पहले मैं इस नई सरकार को मुबारकबाद देना चाहूँगा कि

[श्री निर्मल सिंह]

इन्होंने आते ही बहुत अहम फैसले लिए हैं। आज हरियाणा की जनता भय मुक्त हो कर रह सकती है क्योंकि पिछली सरकार के वक्त में हरियाणा गुण्डों की शरण स्थली बन गया था। आज इस सरकार ने किसानों को ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल पर मुआवजा बढ़ा कर देने की घोषणा करके यह साबित कर दिया है कि यह सरकार किसान विरोधी सरकार नहीं है बल्कि किसानों के हितों के बारे में सोचने वाली सरकार है और उनका भला करने वाली सरकार है। कांग्रेस पार्टी ने अपने मैनीफैस्टो में जो जनता से वायदे किए थे उनको पूरा करने की इस सरकार द्वारा जो कोशिश की जा रही है उससे लगता है कि यह सरकार अपने किए गए वायदों को पूरा करने पर अडिग है। स्पीकर सर, हरियाणा में कृषि का क्षेत्र बहुत अहम क्षेत्र है। यह जो फसलों का बीमा किए जाने वाली बात है बहुत ही अच्छी बात है लेकिन इस विषय में मैं सरकार को कहना चाहता हूँ कि जो पापुलर प्लांटेशन है यह भी खेती का एक हिस्सा है। पिछले समय में किसानों को उसके सही दाम नहीं मिले, किसानों ने मिट्टी के भाव पर पापुलर बेचे, वे उसमें अपना खर्चा भी पूरा नहीं कर सके। मैं कहना चाहूँगा कि इस बारे में सरकार को किसानों को जरूर आश्वासन देना चाहिए कि हम उनको मिनिमम 300 रुपए प्रति क्विंटल का भाव दिलवाएंगे। जो किसान पापुलर की खेती कर रहे हैं वह स्टेट का भला कर रहे हैं। गेहूँ और पैडी की फसल में बहुत पानी लगता है, उसको छोड़कर उन्होंने पापुलर की क्राप्स अपनाई है। पापुलर की खेती करने वाले किसानों को इसमें दिक्कत आने लगी है क्योंकि शायद हाईकोर्ट ने पापुलर के पेड़ काटने पर प्रतिबंध लगा दिया है इससे चीलिंग मिल्ज बंद होंगी। सरकार को हाईकोर्ट के साथ इस मामले को टेक अप करना चाहिए। पापुलर की लाइफ 10 साल है और किसान तो उसको 7-8 साल में काट लेता है। इसमें किसान को नुकसान न हो, इस बारे में सरकार ध्यान दे। यही नहीं इससे हमारे दो परपज हल होंगे। उत्तरी हरियाणा का बरसात का जो पानी बहकर नुकसान करते हुए आगे चला जाता है उस पानी को रोक कर वहां पर फिशरी का काम डिवैल्प किया जाए। किसानों को विश्वास में लेकर कोई प्रोग्राम दिया जाए कि तुम्हारी जो लैंड पानी स्टॉक करने के लिए ली जाएगी उसका मिनिमम इतना ठेका जरूर दे दिया जाएगा ताकि इस प्रोफैशन को वे अपनाएं। ऐसे ही पापुलर की खेती में भी सरकार कोई प्रोग्राम लेकर आए कि हम हर साल किसान को कुछ खर्चा देंगे, जहां हम फूलों की खेती का सुझाव देते हैं तो यह लगता है कि फूलों को बेच नहीं सकते क्योंकि उसके लिए हमारे पास मार्किट नहीं है। लेकिन पापुलर और दूसरी प्लांटेशन के लिए मार्किट है। यदि सरकार हर साल किसानों को कुछ न कुछ इनसैंटिव देती रहे तो शायद किसान इस प्रोग्राम को एडाप्ट कर लें। इसी तरह से स्पीकर साहब पीने के पानी की बात है। दक्षिणी हरियाणा के भाईयों ने कहा कि पानी के बारे में हमारे साथ भेदभाव हुआ है, हमारे यहां पानी की बड़ी भारी कमी रही है। भेदभाव का शिकार तो पूरा हरियाणा रहा है। सारे नदी नाले उत्तरी हरियाणा से, अम्बाला से होकर गुजरते हैं लेकिन आप देखेंगे कि नहरी पानी को इस एरिया को पूरा हिस्सा नहीं मिला है। यह बात सच है और बहुत जरूरी भी है कि आज मौजूदा पानी का डिस्ट्रीब्यूशन है उसको करैक्ट करना होगा। लोगों को बताना भी पड़ेगा कि पानी का बंटवारा किया गया है। यह देखना चाहिए कि टोटल पानी कितना है और उसको कैसे कैसे बांटा गया है।

[13.00 बजे]

अध्यक्ष महोदय, आप तो उसी एरिया के रहने वाले हैं इसलिए आपको पता है कि आज वहां पर लोग चार सौ फुट तक जमीन के नीचे से पानी निकालते हैं। हमारे इलाके में मात्र 70 क्यूसिक नगवल लिफ्ट इरीगेशन की एक स्कीम है। मैं चाहूँगा कि उसकी कैपेसिटी बढ़ायी जानी चाहिए। इसके अलावा 27 क्यूसिक की एक मंसूरपुर लिफ्ट स्कीम मैंने बनवायी थी यह स्कीम पांच साल पहले बनी थी और उस पर अर्थ वर्क भी पूरा हो चुका था लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि पिछली सरकार ने उसका

काम वहीं का वहीं रोके रखा। वे हमें 27 क्यूसिक पानी देने के लिए भी तैयार नहीं थे। अध्यक्ष महोदय, आज पीने के पानी की भी बहुत समस्या है। वाटर लैवल चार सौ फुट नीचे तक चला गया है। कहीं कहीं पर तो गांव में एक ट्यूबवैल ही है और वह भी बंद हो जाता है लेकिन वह महीनों चलता नहीं है जिसकी वजह से लोग तंग रहते हैं। हर गांव को आज पीने के पानी की जरूरत है इसलिए हर गांव को कैनाल बेस्ड पीने के पानी की स्कीम से जोड़ा जाए। अध्यक्ष महोदय, अम्बाला कैन्ट की इस बारे में एक स्कीम है वह भी अधूरी पड़ी है। वहां पर भी कुछ हिस्से को पानी देने की कोशिश की गयी है। आज इस सरकार से हमें अच्छी बातों की आशा है। जैसा सुरजेवाला जी ने बताया कि दादूपुर नलवी नहर की जो स्कीम है इसके लिए सन् 1986 में चार करोड़ रुपये रिलीज हो चुके थे और किसानों की जमीन भी ऐक्वायर हो चुकी थी लेकिन वह बट्टे खाते में डाल दी गयी। अब उसको बनाया जाना चाहिए। उससे हमारे एरिया के काफी हिस्से को पानी मिलेगा। हालांकि नारायणगढ़ की तरफ का जो एरिया है वह नहरी पानी से फिर भी अछूता ही रहेगा। आज नहीं तो कल वहां पर ऐसी समस्या खड़ी होने वाली है कि लोग पीने के पानी के लिए लड़ाई करेंगे। आज लोगों के मन में पीड़ा है कि हमारे साथ भेदभाव हुआ है और नहरी पानी का बंटवारा ठीक नहीं हुआ है लेकिन नयी सरकार से हमें आशा है कि नहरी पानी के अलावा भी उत्तरी हरियाणा के लोग अव्वल तो पूरे हरियाणा के लोग भेदभाव की पीड़ा से जिए हैं। उनको यह तकलीफ है। हरियाणा का खजाना भरने में बहुत बड़ा कंट्रीब्यूशन हमारे एरिया का है लेकिन जब विकास के कार्यों के लिए पैसा खर्च होता है तो वहीं खर्च होता है जहां के सी०एम० हैं। पिछले चुनाव में बहुत स्लोगन सुने विधान सभा में भी और बाहर भी कि 22 हजार लड़के या बीस हजार लड़के भिवानी के भर्ती कर दिए और सात एवं 11 हजार लड़के नरवाना के लगा दिए लेकिन मैं जानना चाहता हूँ कि वह किसकी कॉस्ट पर लगा दिए। क्या उसमें मैरिट का ख्याल रखा गया या रातोंरात इन एरियाज में ही स्कॉलर पैदा हो गये। अध्यक्ष महोदय, आज जरूरत इस बात की भी है कि जो जे०बी०टी० में एडमिशन की गयी है उसको रद्द किया जाना चाहिए। जब वे टीचर बनकर निकलेंगे तो उन्होंने बच्चों को क्या पढ़ाना है क्योंकि उनको तो खुद कुछ नहीं आता है। उन्होंने पेपर नहीं दिये हैं। वे तो वैसे ही खाली पेपर देकर आये हैं इसलिए उनका एडमिशन रद्द करके नये एडमिशन किए जाने चाहिएं। मेरे गांव में जे०बी०टी० का इंस्टीच्यूट है वहां के एक टीचर जो पढ़ा रहे थे उससे मैंने पूछ लिया कि आप क्या पढ़ा रहे हैं वह कहने लगा कि हिस्ट्री भी है, यह भी है वह भी है। मैंने उससे पूछ लिया कि नेपोलियन बोना पोर्ट और सिकंदर में क्या क्या बात थी वह कहता है कि नेपोलियन बोना पोर्ट सिकंदर का बाप था। यह मास्टर जी की बताई हुई बात है। इस तरह अगर वे बच्चों को पढ़ाएंगे तो यह बड़े दुर्भाग्य की बात होगी। इसलिए इस सरकार को हार्ड डिसीजन लेने होंगे। लोग बहुत देर तक यह पीड़ा लेकर नहीं जी सकते कि हमारे साथ नौकरियों में भेदभाव हुआ है। अध्यक्ष महोदय, आज इस बारे में एक श्वेत-पत्र जारी करने की जरूरत है कि हरियाणा बनने के बाद खजाने में किन किन एरियाज से कितना कितना टोटल पैसा आया और वह कहां खर्च हुआ तथा नौकरियां कितनी भर्ती की गयीं। जो टोटल एम्पलाइज हैं उन पर सरकारी खजाने का आधा पैसा तनख्वाहों के रूप में चला जाता है। जो लोग इस खजाने को अपनी मेहनत से खून पसीने से भरते हैं उसका आधा हिस्सा एम्पलाइज की तनख्वाहों पर ही लग जाता है। यह भी लोगों को बताना होगा कि ये एम्पलाइज कब भर्ती हुए और कहां भर्ती हुए? यह जानकारी लोगों को देना बहुत जरूरी है। मैं चाहूँगा कि सरकार इस बारे में एक श्वेत-पत्र जारी करे कि हरियाणा बनने के बाद डिवैल्पमैंट के कार्यों के लिए टोटल बजट कहां से आया, रैवेन्यू कहां से आया और वह कहां खर्च हुआ और जो एम्पलाइज भर्ती हुए कैसे भर्ती हुए। पिछले राज में जे०बी०टी० की एडमिशन में और दूसरी बातों में हमारे इलाके का सफाया हुआ है। एक ही क्षेत्र में

[श्री निर्मल सिंह]

जहां से मुख्यमंत्री चुनाव लड़ते हैं या उनके पुत्र चुनाव लड़ते हैं रातोंरात वहां के स्कॉलर पैदा हो जाते हैं। इन बातों पर गौर करना ही होगा वरना यह पीड़ा इतनी बढ़ेगी कि स्टेट बंटेगा और लोग आपस में लड़ेंगे। लोग बहुत देर तक इसको बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। लोगों को नयी सरकार से आशा बंधी है कि उनको इन्साफ मिलेगा। इसके साथ मैं यह भी कहना चाहूँगा कि नौजवान केवल सरकारी नौकरियों पर ही निर्भर नहीं रह सकते। कोई न कोई तरीके ढूंढने होंगे ताकि वे छोटे-मोटे उद्योग धंधे कर सकें। उनको लोन दिये जाएं चाहे वह बगैर ब्याज के दिया जाए या कम ब्याज पर दिया जाए। स्पीकर सर, आम आदमी को उसकी जरूरत की चीजें सस्ते में मुहैया कराने के तरीके ढूंढने होंगे। सरकार दूसरे देशों से बात करे ताकि वे हमारे यहां के गरीबों को सस्ता कपड़ा आदि मुहैया करा सकें या कोई और रियायत दे सकें। हम गरीबों को सस्ते में कपड़ा मुहैया करा सकें। वैल्फेयर की स्कीम्स में कटौती करके ऐसे कपड़े, जूते व अन्य सामान अपनी स्टेट में तैयार किए जाएं जो सस्ते दाम पर लोगों को मिल सकें। ला एण्ड ऑर्डर के बारे में कहना चाहूँगा कि हमारी सरकार एक निशाना लेकर चली है कि हमारे प्रदेश में जो गुंडों की जगह हरियाणा प्रदेश में नहीं होनी चहिए। एक आम आदमी को दफ्तरों में क्लर्कों से और ट्रैफिक के सिपाहियों से जो दिक्कतें आती हैं उनको भी सरकार को प्राथमिकता पर रख कर उनमें सुधार करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि आम आदमी को छोटे-छोटे कामों के लिए दिक्कत न आए। आज कम्प्यूटर का जमाना है लोग पढ़े लिखे हैं उनको किसी किस्म की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मेरे साथियों ने येलो कार्ड का जिक्र किया है उसके बारे में कहना चाहूँगा कि उसका दायरा बढ़ाना चाहिए और उसका दोबारा सर्वे कराना चाहिए। कई जगह मैंने देखा है कि अमीर आदमियों के तो कार्ड बन गए हैं लेकिन जो गरीब जरूरतमंद हैं उनके नहीं बने हैं। पैंशन की स्कीम के बारे में सरकार ने कहा है कि हम पैंशन देते रहेंगे, दे रहे हैं। पिछली सरकार ने कहा था कि अगली सरकार आकर पैंशन नहीं देगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इस पैंशन के साथ-साथ उन बच्चों को भी बांधना होगा जो कमा रहे हैं लेकिन अपने मां-बाप को कुछ नहीं देते हैं। ऐसे तरीके ढूंढने होंगे ताकि यह स्कीम जिंदा रहे और सरकारी खजाने पर भी सीधा बोझ न पड़े। थोड़ा इस बोझ को भी बांटा जाए जो बच्चे कमा रहे हैं खेती करते हैं, नौकरी करते हैं उनके ऊपर यह दबाव हो कि वे अपने मां-बाप का ख्याल रखें। इसके अलावा गांवों में शौचालय की प्रौब्लम है जहां गरीब लोग हैं। उनके पास टॉयलेट्स के लिए जगह नहीं है। बहू बेटियां जब शौचालय के लिए खुले में जाती हैं तो लोग शरारतें करते हैं उन्हें भगाते हैं उन्हें रोज अपमानित होना पड़ता है। इस बात को भी सरकार प्राथमिकता पर लेने की कोशिश करे। आज आबादी बढ़ गई है गरीब आदमी के पास बाड़े नहीं हैं, घर नहीं है गोबर थापने के लिए या गिराने के लिए जगह नहीं है, इस स्कीम पर दोबारा गौर करनी होगी कि उनके लिए कुछ प्लॉटस का इंतजाम किया जाए।

**श्री नरेश यादव :** सर, मुझे भी कुछ कहना है।

**Mr. Speaker :** Mr. Yadav, have patience. You will get the time to speak.

**श्री निर्मल सिंह :** इसी तरह से ऐजुकेशन सिस्टम को बदलना होगा। आज दुनिया बहुत आगे चली गई है मेरा तो यह सुझाव है कि पूरे ऐजुकेशन सिस्टम को टैलीविजन के माध्यम से स्कूलों में लेकर आएं ताकि सभी बच्चे एक ही सिलेबस पढ़ें और दुनिया के बेहतरीन टीचर्ज को वे सुन सकें और उसका लाभ दुनिया के हर बच्चे को मिल सके चाहे कोई अमीर हो, चाहे कोई गरीब हो इसके साथ ही आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपसे अपेक्षा है कि आप हमें इसी तरह से बोलने का समय देते रहेंगे।

मैं बगैर घंटी बजाये बैठ रहा हूँ। धन्यवाद।

**श्रीमती प्रसन्नी देवी ( नौलथा )** स्पीकर सर, राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर माननीय शमशेर सिंह सुरजेवाला जी ने जो धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया है उस पर अपनी सहमति देती हूँ और मुझे खुशी है कि इतने थोड़े समय में अच्छी बातें इस अभिभाषण में आई हैं। पिछली सरकार ने बहुत गलत काम किए चूंकि वैसे तो हरियाणा की जनता ने कांग्रेस पार्टी को जिता कर एक अच्छा नमूना दिया कि जो लोग आतंकी लोगों और भ्रष्टाचारी लोगों के चंगुल में फंसे हुए थे, उनको राहत मिली है। स्पीकर साहब, आपको पता है कि पिछली सरकार के समय में रातों-रात में कोठियां टूटकर बदल जाया करती थी, लोगों की जमीनों पर कब्जे कर लिए जाते थे। जब कोई बच्चा सुबह घर से बाहर जाता था तो उसके मां-बाप को यह भरोसा नहीं होता था कि वह सुख से घर लौटकर आएगा या नहीं। इस प्रकार का भययुक्त और डरावना वातावरण पिछली सरकार के समय में था। किसी न किसी हिसाब से लोग दुःखी थे परेशान थे यही कारण है कि जनता ने कांग्रेस पार्टी को जनादेश दिया। अध्यक्ष महोदय, आपने देखा होगा कि महिलाओं के साथ कई जगह नाइन्साफी हुई है मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि सरकार महिलाओं को इन्साफ दिलाये। किस प्रकार से कोर्ट में बैठी महिला पर गोली मार दी गई थी और कोठी पर या जमीन पर कब्जे हो जाते थे और उनका कुछ नहीं बिगड़ता था। प्रदेश के लोगों के साथ किस तरह से नाइन्साफी हुई है। स्पीकर साहब, आप खुद किसान हैं गांव की और शहर की समस्या को अच्छी तरह से समझते हैं। जहां तक पानी के बंटवारे की बात है पानीपत के बारे में मुझे पता है जहां 21 दिन के बाद या 15 दिन के बाद पानी आता है। सुरजेवाला जी जब इरीगेशन और पॉवर मिनिस्टर थे उस समय रजबाहों के जो पत्थर उन्होंने लगाये थे उन सब को आने वाली सरकारों ने साफ कर दिया। पिछली सरकार को वैसे तो किसानों की सरकार कहते थे लेकिन उस समय क्या हालात थे यह सब जानते हैं। हमारी कांग्रेस की पार्टी की सरकार 36 बिरादरी की सरकार है और यह हमेशा सभी बिरादरी को बराबर लेकर चलती है इसमें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। पानी का बंटवारा इस हिसाब से होना चाहिए कि जिस भी इलाके में जितना पानी है उस हिसाब से उस जिले को पानी मिलना चाहिए। जहां पर ट्यूबवैल्ज नहीं हैं केवल नहर के पानी पर ही लोग निर्भर हैं उस इलाके को नहर का पानी ज्यादा मिलना चाहिए। जहां तक बिजली की समस्या है बिजली के बिलों की समस्या बनी हुई है उसके लिए सरकार को कोई आसान तरीका ढूंढना पड़ेगा क्योंकि कई दिनों से लोगों ने बिजली के बिलों को भरा नहीं है। पानीपत के अन्दर एक थर्मल प्लांट है इसका नाम अब बदल कर कोई उटपटांग नाम रख दिया है जोकि जचता नहीं है लेकिन इसमें लोग क्या कर सकते हैं। अगर वहां पर थोड़ा सुधार हो जाये तो वहां से ज्यादा बिजली पैदा हो सकती है वहा के सिस्टम में गड़बड़ रही है। मेरा पॉवर मिनिस्टर से अनुरोध है कि इस सिस्टम में जो गड़बड़ रही है उसमें सुधार लाया जाये। इसके साथ-साथ जिन गांवों की जमीन थर्मल के लिए ऐक्वायर की गई थी उस समय यह आश्वासन दिया गया था कि उस गांव के एक घर से एक आदमी को थर्मल में नौकरी दी जायेगी लेकिन अब नौकरी बाहर के आदमियों को दी गई हैं। मेरा आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि जिन लोगों की जमीन एक्वायर हुई है उनको नौकरी दी जाये और उनको 24 घण्टे बिजली भी दी जाये क्योंकि वे बाहर तो सो नहीं सकते इसलिए उन लोगों को यह सहूलियत अवश्य दी जाये। इसके साथ-साथ स्पीकर साहब, शिक्षा की हालत आज यह है कि पूरे प्रदेश में प्राईवेट स्कूलों में गरीब भी खर्चा करते हैं लेकिन सुधार न होने का कारण भी आज स्कूल बनते जा रहे हैं लेकिन इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि टीचर भर्ती नहीं कर रहे हैं। अगर भर्ती होती है तो एक एरिया के टीचर भर्ती कर लेते हैं जो थोड़े से दिन बाद अपने एरिया में बदली करवा लेते हैं और वे स्कूल फिर बगैर टीचर के हो जाते हैं। आज कई

[श्रीमती प्रसन्नी देवी]

स्कूलों की हालत तो यह है कि वहां एक भी टीचर उपलब्ध नहीं है किसी में एक ही टीचर है। टीचर को जो जे०बी०टी० की ट्रेनिंग दी जाती है वह एक ही इलाके के लोगों को दी जाती है। यह ट्रेनिंग जिले के हिसाब से होनी चाहिए ताकि जो टीचर ट्रेनिंग लें वे अपने ही जिलें में सेवा कर सकें। महिलाओं की शिक्षा के बारे में मैं विशेषतौर से कहना चाहूँगी क्योंकि महिलाएं अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाती हैं यह आप सभी अच्छी तरह से जानते हैं। इसके लिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि महिलाओं को नौकरी में भी रिजर्वेशन जितना ज्यादा दे सकते हैं उसके लिए उनको ज्यादा सहूलियत होगी। हमारे यहां हरियाणा में महिलाओं को घर का काम भी करना पड़ता है इसलिए उनको नौकरी के साथ-साथ घर को भी संभालना पड़ता है। इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहती हूँ कि मैडीकल की हालत हमारे यहां बहुत बुरी है, रोहतक में पी०जी०आई० है, वैसे तो यह डिपार्टमैंट मेरी बहन के पास है। वैसे उनका ध्यान भी है। इसलिए मैं इनको कहना चाहूंगी कि रोहतक पी०जी०आई० में भी चण्डीगढ़ पी०जी०आई० की तरह पूरा सुधार होना चाहिए। इसके अलावा रोहतक के बाद चण्डीगढ़ तक बीच में कोई मैडीकल कॉलेज नहीं है ताकि अगर किसी मरीज के साथ एमरजैंसी हो तो उसको वहां पहुंचाया जाए, ऐसा कोई मैडीकल कॉलेज नहीं है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि आने वाले बजट में पानीपत, कुरुक्षेत्र कहीं भी एक मैडीकल कालेज पी०जी०आई० की शक्ल में बनाया जाए, जिससे इन शहर के लोगों को खासकर जी०टी०रोड के लोगों को फायदा हो सके। इसके साथ-साथ मैं कहना चाहूँगी कि हमारे डिस्ट्रिक्ट में होस्पिटल्ज तो हैं लेकिन उनमें गरीब आदमी के लिए कोई सुविधा नहीं है, न उनके लिए कोई दवाई है और न ही उनके लिए कोई टैस्ट की सुविधा है। सबको यह सुविधा न मिल सके तो कम से कम गरीब आदमी को तो ये सुविधाएं मिलनी चाहिएं, इसलिए हर डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर जो होस्पिटल हैं बजट में बढ़ोत्तरी करके उन हॉस्पिटल्ज में गरीब आदमी को ये सुविधाएं दी जानी चाहिएं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिए सरकार का ध्यान उन नौजवानों की ओर दिलाना चाहती हूँ जिनके पास नौकरी नहीं है। अभी मेरे कई माननीय साथियों ने कहा कि नौकरियां दी गई, वे नौकरियां तो एक ही जिले में, एक ही हल्के के लोगों को दी गई है! कितने ही नौजवान बेकार फिरते हैं, इसलिए मैं कहना चाहूँगी कि यह देखा जाए कि जिन एरियाज के नौजवान बेरोजगार हैं जिनको अभी नौकरी नहीं मिली उनको प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ-साथ कुछ और साधन रोजगार के मुहैया कराएं जाए जिससे जो अच्छे लड़के कमाकर अच्छे तरीके से अपना गुजारा करना चाहते हैं उनको रोजगार मिल सके। अध्यक्ष महोदय, हमारा सबसे बड़े गरीब तबके, हरिजन वर्ग और बैकवर्ड क्लास की हालत बहुत दयनीय है, कहीं भी आप देखें उनके पास रहने के लिए एक-एक कमरा है जिसमें कितने-कितने लोग रहते हैं। कितने साल पहले हमारे कांग्रेस के जमाने में छोटे-छोटे बाड़े दिए गए थे उसके बाद एक-एक आदमी के कितने-कितने घर बन गए। मैं प्रार्थना करना चाहती हूँ कि सरकार को कोई ऐसी पोलिसी बनानी चाहिए जिससे जल्दी से जल्दी हरिजन वर्ग और बैकवर्ड क्लास के लोग जो भी हों जिनके पास खेती के लिए जमीन न हो और रहने के लिए घर न हो उनकी समस्या हल हो सके।

**Mr. Speaker :** Try to wind up, please.

**श्रीमती प्रसन्नी देवी :** अध्यक्ष महोदय, सबसे बड़ी समस्या महिलाओं की शौचालय की समस्या है वैसे तो यह समस्या सभी महिलाओं के साथ है लेकिन जो गरीब, हरिजन वर्ग और बैकवर्ड क्लास की महिलाएं हैं जिनके पास रहने को घर नहीं है उनके लिए यह समस्या ज्यादा है इसलिए इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है। हर बैकवर्ड क्लास की समस्या को प्राथमिकता में लेकर उनके

लिए बाड़े और शौचालय का प्रबन्ध कराया जाए इससे सभी की समस्या हल होती है। (विघ्न)

**डॉ० सुशील इन्दौरा :** सर, मैं कुछ कहना चाहता हूँ।

**Mr. Speaker :** Dr. Indora you may please take your seat. You will get the time.

**श्रीमती प्रसन्नी देवी :** अध्यक्ष महोदय, गांवों के अन्दर वैसे तो लड़कियों के लिए ज्यादा पढ़ाई का इंतजाम नहीं है, कहीं 8वीं या कहीं 10वीं तक के स्कूल हैं जिस कारण लड़कियां पढ़कर घर में खाली बैठ जाती हैं। गरीब बहनों के लिए कोई साधन नहीं है इसलिए कोई ऐसी स्कीम बनाकर चलाई जाए जिससे हर गांव में आई०टी०आई० होनी चाहिए। जिससे वे कम्प्यूटर या सिलाई सीखकर कुछ काम कर सकें। इसके लिए कोई न कोई ऐसी स्कीम बनाई जाए जिससे गांव में रहने वाली बहनें छोटे-छोटे काम करके रोजगार अपना सकें और वे कुछ सीख सकें। इससे गरीबी रेखा से ऊपर उठने में मदद मिलेगी। मेरे भाइयों ने जिक्र किया था कि पैंशन की काफी समस्या है। अध्यक्ष महोदय, यह समस्या आपके इलाके में भी होगी जिनको पैंशन मिलनी चाहिए उनको पैंशन नहीं मिल रही और जिनको नहीं मिलनी चाहिए उनको मिल रही है। मैं किसी की पैंशन काटने के लिए तो नहीं कहती लेकिन जिनको पैंशन नहीं मिल रही है उनकी इन्क्वायरी करवा कर इसके लिए जो भी तरीका है उनको पैंशन देने का काम करना चाहिए। स्पीकर साहब, इसके साथ ही मैं एक बात और कहना चाहती हूँ कि पिछली सरकार के साथ हमारे मुख्यमंत्री जी ने बहुत संघर्ष किया और विकास की बात बार-बार उठाई। उसी का यह नतीजा है कि आज हरियाणा की जनता ने भारी मैजोरिटी में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाई। मुझे आशा है कि हमारे मुख्यमंत्री जी प्रदेश का विकास करेंगे और लोगों की आशाओं पर पूरे उतरेंगे। समय कम है इसलिए मैं अपनी सारी बातें नहीं कह सकी अंत में मैं यही प्रार्थना करना चाहती हूँ कि हम सबकी जो भी समस्याएं हैं उनको सरकार दूर करे इससे हम सबको फायदा भी होगा और जनता का हम पर विश्वास बनेगा तथा हमारा फर्ज भी पूरा होगा।

**श्री नरेश मलिक (हसनगढ़) :** स्पीकर सर, अभी बहुत से वरिष्ठ सदस्यों ने और माननीय वरिष्ठ सुरजेवाला जी ने एक-एक बात बड़ी बारीकी से उठाई। मैं केवल एक बात कहना चाहूँगा कि माननीय महामहिम राज्यपाल महोदय जी ने जो अभिभाषण सदन में रखा है उसमें यह लिखा है कि अबकी बार मत प्रतिशत बहुत ज्यादा हुआ और महिलाओं ने भी अधिक मात्रा में मत डाले जो कि बहुत ही सही बात है। अध्यक्ष महोदय, आज जो मेरे साथी हमारे पीछे बैठे हैं हम पहले उनके साथ थे लेकिन लोक सभा के चुनाव से पहले हम उनसे अलग हो गये थे। कल से सुनने में आ रहा है कि पिछली सरकार के समय में हाउस कैपचर होता था मैं उस समय मैंबर नहीं था लेकिन अखबारों में हम भी पढ़ते थे कि किस तरह से पिछली सरकार हाउस कैपचर करती थी। इसके अलावा पिछली सरकार राजनैतिक दुर्भावना से सदस्यों पर कार्यवाही करती थी। भाई आनंद सिंह दांगी पर क्या हुआ यह सबको मालूम है। मेरे साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ था। लेकिन अब मैं केवल एक प्रार्थना माननीय मुख्यमंत्री महोदय से करना चाहता हूँ कि यह खुशी की बात है कि कांग्रेस विधायकों ने एक अच्छे व्यक्ति और खासकर जो उपेक्षित क्षेत्र था वहां के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री पद दिया है। पंजाब की सरकार ने एक तरफा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके कानून बना दिया कि हरियाणा के हक में सुप्रीम कोर्ट से जो भी फैसला एस०वाई०एल० के बारे में दिया है उन्हें वे नहीं मानेंगे। क्या इस पर पिछली सरकार ने हाउस में कोई विचार किया। अध्यक्ष महोदय, उस असंवैधानिक कानून के खिलाफ न तो पिछली सरकार ने असैम्बली में चर्चा की और न ही मौजूदा सरकार ने उस बारे कोई प्रस्ताव रखा ताकि उस पर हम सदन

[श्री नरेश मलिक]

में चर्चा कर सकें। राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में कहा है कि हम एस०वाई०एल० का पानी केन्द्र के माध्यम से लेकर आयेंगे। अध्यक्ष महोदय, सुप्रीम कोर्ट पहले से ही हमारे हक में फैसला दे चुका है उसके बावजूद पंजाब ने जो कानून बनाया है हिन्दुस्तान की सरकार ने उसको राष्ट्रपति जी के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में भेजा हुआ है। क्या हरियाणा की असैम्बली को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पैरवी नहीं करनी चाहिए? क्या इस बारे में हाउस में चर्चा नहीं होनी चाहिए? क्या आज तक इस बारे में किसी पार्टी ने यहां चर्चा की है? मेरा अनुरोध है कि एस०वाई०एल० के मुद्दे पर यहां चर्चा होनी चाहिए और सर्वसम्मति से हमें भी प्रस्ताव पास करना चाहिए। स्पीकर साहब, जो कुछ बातें कांग्रेस पार्टी के घोषणा-पत्र में थीं वे मैं आपके माध्यम से सरकार के नॉलेज में लाना चाहता हूं। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा-पत्र में कहा था कि अगर वैट पूरे देश में लागू नहीं होगा तो हरियाणा में भी लागू नहीं होगा। अब वैट की यह स्थिति है कि पूरे देश में वैट लागू नहीं हो रहा है। मैं जानना चाहता हूँ कि क्या हरियाणा सरकार हरियाणा से वैट वापस ले रही है इसी प्रकार से एस०टी० 38 फार्म के बारे में कहा गया था कि कांग्रेस पार्टी की सरकार आई तो हम इस एस०टी० 38 फार्म को आते ही विदड्रा कर लेंगे। मैं सरकार से जानना चाहूँगा कि क्या यह एस०टी० 38 फार्म सरकार वापस ले रही है या नहीं। दूसरे मेरे कई साथियों ने कहा कि रोड़ी के ट्रक आज 8-8 और 10-10 हजार रुपये के हो गए हैं। स्पीकर साहब, पिछली सरकार में खूब लूटमार रही। उस वक्त में 1300-1300 और 1500-1500 रुपये की रायल्टी ली जाती थी। उस सरकार के चहेते लोग लठ लेकर के जबर्दस्ती वसूली करते थे। उस वक्त की सरकार में धांधलियां बहुत होती थी। मुझे एक नाम का पता चला है कि वह आदमी हर सरकार में अपना काम धड़ेल्ले से गलत तरीके से करता रहता है। इस व्यक्ति का नाम मि० सेठी है। यह सेठी नाम का जो लीजधारी है, चाहे कोई भी सरकार आयी हो उसका इन लीज पर एकछत्र राज रहा है। आज भी ऐसी स्थिति है कि अगर कोई व्यक्ति राजस्थान से लाकर क्रैशर रोड़ी बेचना चाहता है तो उसके आदमी लठ ले करके खड़े हो जाते हैं लेकिन वे किसी दूसरे को यह काम नहीं करने देते जबकि वे टैक्स भी देते हैं। उसके बावजूद भी उनको बाहर से माल नहीं लाने दिया जाता। वहां पर इस सेठी का एकछत्र राज है। इस विषय में मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकार की तमाम लीजों को समाप्त करके सरकार उन्हें अपने अधीन ले और उनकी सरकारी औक्शन की जाये ताकि सरकार को रैवेन्यू भी आ सके और गुण्डागर्दी भी समाप्त हो सके।

स्पीकर साहब, यहां पर गुलाबी और पीले कार्डस की बात आई है। पिछली सरकार के समय में इन कार्डों के बारे में बहुत बड़ी धांधली हुई थी। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऐसे-ऐसे व्यक्तियों के पीले कार्ड बने हुए हैं जिनके घरों में ट्रैक्टर है और 10-10 या 20-20 बीघे जमीन है। जो गरीब आदमी हैं या जो जरूरत के लायक हैं उन लोगों के पास आज तक यह सुविधा नहीं है। इण्डियन नैशनल लोक दल का कार्यकर्ता जबर्दस्ती बी०डी०पी०ओ० से कहकर, थानेदार से कहकर, तहसीलदार से कहकर जबर्दस्ती ऐसे कार्डस बनवाते थे। मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह प्रार्थना है कि पहले के बने हुए कार्डों को निरस्त किया जाये और नए सिरे से सर्वे करवा कर सभी जातियों और जरूरतमंद व्यक्ति जो हैं उनके ये कार्डस बनाये जाने चाहिए।

स्पीकर साहब, मैं मुख्यमंत्री जी और वित्त मंत्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी के नोटिस में लाना चाहता हूँ हालांकि वित्त मंत्री जी इस समय हाउस में नहीं है। दीनबन्धू सर छोटू राम जी को आप सभी जानते हैं। वे एक महान व्यक्ति इस प्रदेश के रहे हैं, जो ज्वायंट पंजाब, हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के समय भी रहे हैं। पिछली सरकार ने सांपला के अन्दर दीनबन्धु सर छोटू राम के नाम पर एक स्मारक

बनाने का काम स्टार्ट किया था। इसके तहत पूरे सांपला का सौन्दर्यकरण भी किया जाना था। इसके लिए 8-10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। वहां पर कुछ काम हुआ भी है और इस काम पर एक डेढ़ करोड़ रुपये खर्च भी किए गए हैं। सरकार के जो वित्त मंत्री जी हैं वे उनके नाती हैं और वे स्वयं उनके रिश्ते में लगते हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी भी स्वयं एक किसान के बेटे हैं और सब को पता है कि दीनबन्धु सर छोटू राम जी को हर व्यक्ति पूजता है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जो काम पिछली सरकार ने अधूरा छोड़ा था उसको मौजूदा सरकार बेहतर तरीके से और अच्छी तरह से पूरा करे और पूरे सांपला शहर का सौन्दर्यकरण करके इस अधूरे पड़े हुए काम को पूरा किया जाये। पिछली सरकार ने यह काम इसलिए अधूरा छोड़ा था ताकि अगली सरकार उसे पूरा न कर पाये और वे आगे जाकर इसका लाभ उठा सकें।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि सरकार ने एक्सपोर्ट जोन की जो बात रखी है यह बहुत अच्छी बात है। हमने बंगलौर के अन्दर देखा है कि वहां पर एक्सपोर्ट का बहुत बढ़िया जोन है। हमारे यहां पर भी अगर उसकी हर अच्छी चीज की कापी करके ऐसा ही जोन हरियाणा में बना दिया जाये तो बहुत अच्छा रहेगा।

**Mr. Speaker :** Malik ji, you may continue your speech at 2.00 P.M. only for 5 minutes. Now, the House, is adjourned till 2.00 P.M. today.

*13.30 hrs. (The Sabha then * adjourned till 2.00 P.M. on, Tuesday the 22nd March, 2005).

---